चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 84, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 23 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपी में कानून-व्यवस्था का राज: योगी

### पहले भर्ती प्रक्रिया पर उठते थे सवाल, अब प्रतिभा को मिलता है सम्मान : आदित्यनाथ, राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजधानी के सिग्नेचर बिल्डिंग में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 24वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। योगी ने राज्य की गैर-भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठते थे, लेकिन अब प्रतिभा को सम्मान मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 6 वर्षों में उ.प्र. पुलिस विभाग में एक लाख 64 हजार से अधिक पदों को पारदर्शी तरीके से भरा गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब हमने सूबे की कमान संभाली थी तो उस समय देखने को मिला था कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उच्चतर शिक्षा चयन आयोग और माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग से जुड़ी परीक्षाओं में शिकायतों का अंबार लगा हुआ था। कई भर्ती प्रक्रियाओं में न्यायालय से स्टे चल रहा था। कुछ मामलों में कोर्ट ने गंभीर टिप्पणियां भी कर रखी थीं। उ.प्र. पुलिस में डेढ़ लाख पद खाली पड़े थे क्योंकि इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे था। योगी ने बताया कि उस समय मैंने अधिकारियों से कहा था कि भर्ती को लेकर जो भी कमियां हैं, उसे दूर करिए। पहले प्रक्रिया पारदर्शी नहीं थी। उस समय भर्ती प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और जातिवाद का मुखौटा लगाकर योग्यता और प्रतिभा के साथ अन्याय होता था। ऐसे में हमने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी करने के लिए अच्छे ईमानदार लोगों की टीम तैयार की। आदित्यनाथ ने कहा कि इस कार्यक्रम में शिरकत करना मेरे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश के प्रशासन ने विगत 6 वर्षों के अंदर जो कुछ भी किया है उसे आप सभी के माध्यम से देश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। एक आदर्श समाज में संघ लोक सेवा आयोग हो या राज्यों के लोक सेवा आयोग हां, इन सभी की बड़ी भूमिका होती है।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में अकांक्षात्मक जिलों की प्रक्रिया को नीति आयोग ने आगे बढ़ाया था, जिसमें 112 जनपद थे, इसमें आठ जनपद उत्तर प्रदेश के थे। नीति आयोग ने टॉप 10 राज्यों की सूची जारी की तो उसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल था और उसके 8 जनपद भी इसमें शामिल थे।

## पिछले 6 वर्षों में 2 लाख करोड़ पहुंचा एक्सपोर्ट



**योगी** ने कहा कि उ.प्र. की आबादी 25 करोड़ है, ऐसे में साढ़े पांच लाख सरकारी नौकरी से काम नहीं चलेगा। प्रदेश के कई युवा ऐसे हैं जो सरकारी नौकरी में नहीं जाना चाहते हैं, वह अपने सेक्टर में कुछ नया करना चाहते हैं। इस पर सरकार काम कर रही है। इसी के तहत प्रदेश के 75 जनपदों की मैपिंग कराई गई, जिसमें से 57 जनपदों के यूनीक प्रोडक्ट्स को नई पहचान दिलाई गई। वहीं 18 जनपदों के लिए भी तय किया है कि इन जनपदों के साथ भी कोई न कोई एक प्रोडक्ट जुड़ना चाहिए। ऐसे में वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट कार्य योजना को लागू किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां कुल एक्सपोर्ट 86000 करोड़ था, आज वह लगभग दो लाख करोड़ तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोडक्ट को डिजाइन करने के साथ उसे पैकेजिंग से जोड़ा गया। उसे हर तरह से प्रोत्साहित किया गया। लोगों को ट्रेनिंग दी गई, उन्हे बैंकों से जोड़ा गया। इतना ही नहीं, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से प्रदेश के कारीगरों को टूल किट उपलब्ध कराई जा रही है।

# शताब्दी महोत्सव तक कमल ही खिला रहेगा: मौर्य

**प्रयागराजः भारतीय** जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा युवा सम्मेलन नगर निगम चुनाव केंद्रीय कार्यालय सिविल लाइन में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के पर्व से लेकर शताब्दी वर्ष तक पूरे देश एवं प्रदेश में कमल ही खिलता रहेगा। हमें पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश में होने वाले सभी नगर निगम के चुनाव में सबसे ज्यादा मतों से हम प्रयागराज नगर निगम जीतकर आएंगे और तीर्थराज




प्रयाग का गौरव बढ़ाने का काम करेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने युवा मोर्चा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा कभी रुकता नहीं, कभी थकता नहीं और जो संकल्प कर लेता है उसे जब तक पूरा नहीं कर लेता तब तक बैठता नहीं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का जिगर का टुकड़ा है। नगर निगम चुनाव को लेकर कहा कि युवाओं के बल पर प्रयागराज महानगर में इस बार ट्रिपल इंजन की सरकार बहुमत के साथ आएगी और 100 में 80 वार्डों में कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि जिन कार्यकताओं का टिकट कटा है।

# अतीक हत्याकांड: एसआईटी की जांच तेज

### आरोपी जहां रुके थे, वहां एसआईटी पहुंची, होटल के सीसीटीवी का डीबीआर, रजिस्टर कब्जे में लिया, हमलावरों के 2 मोबाइल यहीं से बरामद

**प्रयागराजः** माफिया अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड में एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। शनिवार दोपहर एसआईटी प्रयागराज जंक्शन के पास होटल 'स्टे इन' पहुंची। यहीं अतीक-अशरफ पर हमला करने वाले रुके थे। एसआईटी ने होटल की डीबीआर और रजिस्टर को कब्जे में लिया है। एसआईटी ने यह भी पता लगाया कि पिछले दिनों क्या कोई संदिग्ध इस होटल में रुका था। आसपास के भी सीसीटीवी फुटेज चेक किए हैं। एसआईटी सूत्रों के मुताबिक, शूटर्स के दो मोबाइल शुक्रवार को एसआईटी ने इसी होटल से बरामद कर लिए हैं। इन मोबाइल को हत्या के लिए जाने से पहले हमलावरों ने होटल में ही छोड़ दिया था।



हालांकि, इन मोबाइल से सिम गायब मिले हैं। एसआईटी कड़ी से कड़ी जोड़कर हत्याकांड के मकसद और इसके पीछे के लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। फिलहाल, एसआईटी होटल में शूटर्स की एक्टिविटी क्या रही? कब आए, कब गए? हत्याकांड वाले दिन कितने बजे गए थे? इन सभी सवालों के जवाब की तलाश में लगी हुई है। शुक्रवार को हमलावर लवलेश तिवारी, अरुण मौर्या और सनी सिंह से दो राउंड में 8 घंटे पूछताछ की गई।

**हत्याकांड के वक्त बैकअप में थे दो मददगारः** मोबाइल होटल में ही छोड़कर जाने पर एसआईटी ने शूटर्स से पूछा कि अतीक-अशरफ के कॉल्विन अस्पताल पहुंचने का कैसे पता चला? जवाब में शूटर्स ने बताया कि हत्याकांड के वक्त बैकअप में 2 लोग और मौजूद थे। एक अस्पताल परिसर में और दूसरा बाहर खड़ा था। इनमें से एक प्रयागराज का रहने वाला है, जबकि दूसरा बाहर का है।

# चारधाम का आगाज: गंगोत्री-यमुनोत्री के खुले कपाट

### मुख्यमंत्री धामी ने किए दर्शन, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दर्शनार्थ खुले गंगोत्री -यमुनोत्री धाम के कपाट, आज अक्षय तृतीया के अवसर पर खरसाली से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मां यमुना की डोली रवाना किया

**उत्तरकाशीः विश्व** प्रसिद्ध चारधामों में से गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट शनिवार को अक्षय तृतीया पर मंत्रोच्चारण के साथ खोल दिए गए हैं। गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर खुले। कपाट खुलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत देश विदेश से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन किए। जबकि, यमुनोत्री धाम के कपाट आज दोपहर 12:41 बजे खुले। इसके साथ ही यहां अगले छह महीने तक देश-विदेश के श्रद्धालु मां गंगा और यमुना के दर्शन कर सकेंगे। इधर गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि विधि-विधान के साथ गंगा पूजन, गंगा सहस्त्रनाम पाठ और विशेष पूजा अर्चना के बाद सर्वार्थ अमृत सिद्ध योग पर 12:35 पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साक्षी बने। सुबह उन्होंने यमुनोत्री धाम रवाना होने से



पहले खरसाली में मां यमुना की डोली को विदा किया और इसके पश्चात गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन की प्रक्रिया में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की हर सुख सुविधाओं का ध्यान सरकार ने रखा है। राज्य के लिए चारधाम यात्रा किसी उत्सव से कम नहीं है।

उधर यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से ठीक 12:41 पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।

## सुगम चारधाम यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी

**देहरादूनः उत्तराखंड** सरकार ने चारधाम सहित हेमकुंड यात्रा के लिए भी अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर दो धाम गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट शुभमुहूर्त पर खोल दिए गए हैं। यात्रियों के लिए यात्रा सरल, सहज, सुगम और सुरक्षित हो, इसके लिए प्रदेश सरकार सदैव तत्पर है। चारधाम के लिए अब तक कुल 16 लाख 89 हजार से अधिक यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया है। पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने आज जारी अपने एक बयान में यह जानकारी दी।

# राहुल गांधी ने किया खाली सरकारी बंगला



**नई दिल्लीः लोकसभा** सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद राहुल गांधी ने शनिवार को 12, तुगलक लेन के सरकारी आवास को पूरी तरह खाली कर आवास की चाभी अधिकारियों को सौंप दी है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सच बोलने की कीमत चुकाई है और आगे भी सच के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार हैं। राहुल ने कहा कि यह घर उन्हें देश की जनता ने दिया था। वह जनता को धन्यवाद देते हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि वह अब अपनी मां सोनिया गांधी के आवास पर रहेंगे। राहुल आज जब अपना घर खाली करने पहुंचे थे तो उनकी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी के साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के एक मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। जिसके एक दिन बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। संसद सदस्य न होने के कारण ही राहुल गांधी से सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया था। लोकसभा आवास समिति ने राहुल गांधी को सरकारी बंगला खाली करने के लिए बीते दिनों नोटिस दिया था। इसी नोटिस का जवाब देते हुए राहुल ने कहा था कि वह 12, तुगलक लेन के सरकारी बंगले को बिना किसी पूर्वाग्रह के आदेश का पालन करते हुए उसे खाली कर देंगे। बंगला खाली करने के लिए राहुल को एक माह का समय दिया गया था। जिसके बाद आज उन्होंने आवास खाली कर दिया। राहुल गांधी को 2004 में लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद 12, तुगलक लेन बंगला आवंटित किया गया था। तब से वह इसी आवास में रह रहे थे।

# 'राजीव गांधी जैसा होगा मोदी का हाल'

**त्रिवेंद्रमः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को केरल जाएंगे। उनके दौरे से पहले केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को धमकी भरा लेटर मिला है। लेटर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान मानव बम से हमले की धमकी दी गई है। लेटर मलयालम में है। इसमें कहा गया है कि मोदी का हाल राजीव गांधी जैसा होगा। बता दें कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदुर में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। सुरेंद्रन ने कहा, हमने पुलिस को धमकी भरा पत्र सौंप दिया है। चौंकाने वाली बात है कि इंटेलिजेंस की 49 पन्नों की एक खुफिया रिपोर्ट भी कुछ दिन पहले मीडिया में लीक हुई है। रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के नाम, उनकी भूमिका, पीएम के विस्तृत कार्यक्रम चार्ट सहित अन्य मामलों की डिटेल दी गई है। रिपोर्ट में राज्य में आतंकवादी और राष्ट्र विरोधी ताकतों की उपस्थिति का उल्लेख किया गया है, जो चौंकाने वाला है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री को धमकी मिलना सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। पीएम मोदी 24 अप्रैल से केरल के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे तिरुवनंतपुरम में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### ईदगाहों और मस्जिदों में शांति और खुशहाली के लिए की गई विशेष दुआ

# पूरी अकीदत के साथ अदा की गई नमाज-ए-ईद

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देशभर में ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज सुबह लोगों ने ईदगाहों और बड़ी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की। दिल्ली की ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुसलमानों ने ईद की नमाज अदा की। यहां ईद की नमाज का वक्त सुबह 6:30 बजे था।

पुरानी दिल्ली की शाही मस्जिद फतेहपुरी में नमाज-ए-ईद सुबह 7:30 अदा की गई। शाही ईदगाह बाड़ा हिंदू राव में ईद की नमाज



सुबह 8 बजे अदा की गई है। नमाज-ए-ईद के बाद देश-दुनिया में अमन-शांति के लिए दुआएं मांगी गईं और लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने एकत्र लोगों को ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर उन्होंने देश में शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी की।

इस पर लोगों ने आमीन की सदा बुलंद कीं। जामा मस्जिद के बाहर तरह-तरह के पकवानों, खिलौने वगैरह के स्टाल लगे थे। इस दौरान बच्चों ने तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ लिया और झूले झूलकर मस्ती की। शाही मस्जिद फतेहपुरी में इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई।

### शहरी और ग्रामीण इलाकों में जल आपूर्ति के समुचित उपाय सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# हीट वेव से निपटने को तैयार योगी सरकार

**लखनऊः योगी आ**दित्यनाथ सरकार ने इस भीषण गर्मी से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को युद्ध स्तर पर तैयार रहने को कहा है। नगरीय और ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति करने के अलावा सिंचाई, पशुओं एवं पक्षियों के लिए पेयजल समेत तालाब एवं पोखरों की मरम्मत के कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने हीट वेव की आशंका के मद्देनजर निर्देश दिया है कि मुख्य विकास अधिकारी या एडीएम स्तर के अधिकारी को ग्रीष्म ऋतु के दौरान जलापूर्ति के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए। वहीं लू से बचाव व तापमान को कम रखने के उपाय के रूप में



कूल रूफ कॉन्सेप्ट (छत को सफेद रंग से पेंट करना) को बढ़ावा दिया जाए। मालूम हो कि सरकार ने यह तैयारी मौसम विभाग की उस चेतावनी के बाद शुरू की है, जिसमें 2023 में प्रदेश में हीट वेव का पूर्वानुमान जताया गया है।

**क्षतिग्रस्त पाइपलाइन ठीक कराएगा जल निगमः** राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभागों को पेयजल आपूर्ति से संबंधित आवश्यक कार्यों को समय से पूर्ण कराने को कहा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सिंचाई विभाग को विशेष अभियान चलाकर समस्त ट्यूबवेल तथा सिंचाई के साधनों को चालू हालत में करने को कहा गया है। जल निगम क्षतिग्रस्त पाइप लाइन व लीकेज को ठीक कराएगा तथा ओवरहेड टैंक की सफाई का जिम्मा संभालेगा।

# पुंछ के आतंकी हमले के पीछे थी जी-20 समिट बैठकों को रद्द कराने की साजिश

**नई दिल्लीः जम्मू**-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था। खुफिया एजेंसियों की जांच में खुलासा हुआ है कि आतंकियों ने ट्रक पर करीब 36 राउंड गोलियां दागी थीं और हमले के लिए स्टिकी बम का इस्तेमाल किया था। हमले को अंजाम देने वाले 7 आतंकियों को खोजने के लिए 2000 कमांडो को सर्च




ऑपरेशन में लगाया गया है। ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के जरिए अंजाम दिए जा रहे ऑपरेशन में सेना ने 'शूट एट साइट' के ऑर्डर दिए हैं। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का सफाया करने के लिए भारतीय सेना की यूनिट राष्ट्रीय राइफल्स ने बीते कुछ सालों से 'ऑपरेशन ऑल आउट' चला रखा है।

# मऊआइमा ईदगाह : अदा की गई ईद की नमाज, अमन चैन की मांगी गई दुआएं



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मऊदोस्तपुर ईदगाह को छोड कर अन्य ईदगाहों,मस्जिदों के बाहर रही कड़ी सुरक्षा मऊआइमा में भी ईदगाह समेत तमाम मस्जिदों में अदा की गई। शनिवार को ईद उल फितर की ईदगाह आजमपुर में मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान ने नमाज पढाई। इनके अलावा बागी में कारी रहम उल्ला, मऊदोस्तपुर में मौलाना असफाक ने नमाज पढाई। ग्राम अलावलपुर, महरौंडा ,सराय खव्जा ,जाम्हा तेतपुर आदि स्थानों पर नमाजियों ने अमन चैन सुकून की दुआ मांगी ।लोग एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। मऊआइमा में भी ईदगाह समेत तमाम मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई, लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी, मस्जिदों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा भी रहा।

## मऊआइमा के मऊदोस्तपुर ईदगाह में नमाज के दौरान पत्थराव नमाजियों में अफरा तफरी

### नमाजियों को सिजदा में जाते ही आने लगे ईट पत्थर कई घायल, मौजूद पुलिस ने एक को दौडा कर पकडा, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मऊदोस्तपुर स्थित ईदगाह में ईदुल फित्र की नमाज पढी जा रही थी। पुलिस भी मौजूद थी। आरोप है जब नमाजी सिजदा में गए तो ईट पत्थर आने लगे। जिससे नमाजियों में अफरातफरी मच गई। मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने एक को दौडा कर पकड लिया। ईदगाह कमेटी ने तीन नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।तथा घायलों का उपचार कराया। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट महतवाना ,अबू हलीम पटटी ,कजियाना कलां, पूरे काजी आदि के लोग ईदुल फित्र की नमाज मऊदोस्तपुर स्थित ईदगाह में पढते हैं। जहां बडी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी नमाज अदा करती हैं। बताते हैं कि हमेशा की तरह पुलिस भी मौजूद थी। जैसे नमाजी सिजदा में गए । तभी ईट पत्थर चलने लगे। जिससे ईदगाह के इमाम मौलाना असफाक सहित अन्य कई लोगों की पीठ पर ईट लगे। ईट लगने से मोहम्मद एबाद 17 वर्ष पुत्र शफी उल्ला उर्फ छोटू का सिर फट गया। जिससे पुरुषों एंव महिलाओं नमाजियों में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने दौडा कर एक युवक यशवंत पुत्र बच्चा लाल को हिरासत में ले लिया। तथा ईदगाह में मची अफरातफरी को खत्म करने के लिए चौकी प्रभारी संजय मौर्या ने सभी नमाजियों को अमन चैन सौहार्द बनाने की अपील किए।तथा यह आश्वासन दिए कि शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।पुरुष नमाजियों ने पहले महिलाओं को घर भेजे फिर पुरुष भी अपने अपने घरों को चले गए। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष रहमत उल्ला ने आरोप लगाया है कि इसके पूर्व दो बार ईदगाह की बाउंड्री गिरा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। आरोप है कि कोई कार्यवाही न होने से आज उक्त घटना घट गई। बहरहाल पुलिस ने रहमत उल्ला की तहरीर पर यशवंत कुमार ,अतुल कुमार, तथा ईट पत्थर मारने के लिए उकसाने पर राहुल मौर्या के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि माहौल बिल्कुल शांतिपूर्वक है।किसी भी प्रकार का कोई तनाव नहीं है। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हिरासत में लिया गया युवक विक्षिप्त सा है। फिर भी पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए गी।

## बारा क्षेत्र में भी अदा की गयी नमाजे ईदुल फित्र, मुल्क में अमनो सुकून व भाई चारा की गई दुआ



**बारा।** लालापुर। तहसील मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद एवं क्षेत्र में ईद उल फित्र की नमाज तय समय के मुताबिक शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई,और मुल्क हिंदुस्तान में अमनो सुकून के लिए रब की बारगाह में दुआ की गई। क्षेत्र के घुरमी ,पिपराव ,सेहुंड़ा, रघुवीर का पूरा, कंचनपुर, ललई , तेलघना,मिश्रा बांध ,अमरेहा,जारी आदि स्थानों पर नमाज अदा की गई। मुस्लिम समाज का प्रमुख पर्व ईद है।ईद की नमाज अदा करने से पहले फितरा और जकात निकाला जाता है।जिसे आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को दिया जाता है।जिससे गरीब व्यक्ति भी ईद का त्यौहार अच्छे ढंग से मना सकें। मुस्लिम धर्म के मुताबिक रमजान के महीने में रोजा रखना फर्ज है। एक महीने लगातार रोजा के बाद ईद के चांद का दीदार होने के बाद ईद मनाई जाती है। ईद के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग पारंपरिक पहनावा में दिखाई देते हैं ।नौजवान ,बूढ़े, बच्चे सभी नए नए लिबास पहनते है और खुशबू लगाते हैं।रब की बारगाह में सजदा कर अमन की दुआ करते है।भाई चारा को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद देते है।जामा मस्जिद के इमाम मौलाना आलमगीर ने बताया कि हर साहबे निजात (मालदार) व्यक्तियों को यानी जिसके पास साढ़े सात तोला सोना की कीमत हो या साढे 52 तोला चांदी की कीमत हो तो उसे जकात निकालना फर्ज रहता है ।सम्पन्न व्यक्ति को पूरी रकम का ढाई प्रतिशत जकात निकालना चाहिए । नमाजे ईदुल फित्र के पहले फितरा अदा करना वाजिब है।जामा मस्जिद के सदर फिरदौस कादरी ने आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील करते हुए शांति व्यवस्था में लगाए गए पुलिस प्रशासन को भी शुक्रिया अदा किए। जामा मस्जिद के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।थानाध्यक्ष ने भी नमाजियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए शांतिपूर्ण एवं खुशी के साथ त्योहार मनाने की अपील की। क्षेत्र के नमाजियों में हाफिज शकीलअसरफी,इदरीस अहमद रईस अहमद ,जमील अहमद, पूर्व प्रधान मोहम्मद अली,एडवोकेट इदरीस अहमद,एडवोकेट मोहम्मद अली,एडवोकेट शाहिद,एडवोकेट कलीम अहमद,बीडीसी अनीस अहमद,मोहम्मद शब्बीर ,सलीम पठान, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद जीशान, इमरान अहमद, नफीस अहमद, मोहम्मद इंसार , मो हनीफ, नबी अहमद,मोहम्मद इब्राहिम,फिरोज खान,वसीम अहमद महबूबी सहित सैंकड़ों लोगों ने नमाज अदा किया।

# परशुराम जयंती के साथ हुआ सम्मान समारोह का आयोजन



**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज प्रयागराज के तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय गारापुर में शनिवार को संगठन के अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा की देखरेख में भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकताओं द्वारा सुंदरकांड का पाठ एवं आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रों से विधान पूर्वक हवन यज्ञ आरती के पश्चात भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजन करके उनका जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान संगठन के कार्यकताओं एवं ब्राह्मणों ने राम नाम एवं परशुराम संकीर्तन कर जयकारा भी लगाया। तत्पश्चात समाज के सम्मानित जनों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संजीव कांत पाण्डेय जी एस टी भारत सरकार प्रयागराज ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा हम समाज के साथ हैं हमें अति प्रसन्नता हो रही है कि किसी न किसी को समाज के लिए अगुआ होना चाहिए एक संगठन बनाकर संगठन एवं के समाज के लिए सराहनीय कार्य किया जाए। जिससे हमारा समाज भी आगे बढ़ सके देश हित में काम कर सके समाज की कुरीतियों को दूर कर सके। समाज के प्रति ऐसे सराहनीय कार्य से मैं बहुत प्रभावित हूं जब भी जहां भी जैसा भी हो जिस प्रकार का सहयोग चाहिए हम संगठन के साथ समाज के साथ प्रसन्नता सहित तैयार मिलूंगा। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम एवं परशुराम की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर संगठन की तरफ से प्रयागराज से बलिया मार्ग को देश के प्रथम शहीद मंगल पांडे मार्ग किया जाए, अंदावां चौराहा पर शहीद मंगल पांडे की मूर्ति स्थापना के साथ शहीद मंगल पांडे चौराहा का नाम दिया जाए सहित अन्य मुद्दों पर ऊर्जावान आवाज के साथ संकल्प लिया गया। तथा उपस्थित सम्मानित जनों को अंगवस्त्रम एवं चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शारदा प्रसाद शुक्ला एवं संचालन सत्येंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शेष नारायण तिवारी, प्रमोद शुक्ला, प्रवेश शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, कमलाकांत शुक्ला, देवराज उपाध्याय, सूर्यमणि पांडे, अमन मिश्रा भीम, अश्विनी कुमार मिश्रा, विजय तिवारी, हरिकेश कुमार तिवारी, कृष्ण देव दूबे, संजय पांडे, हरषू प्रसाद शुक्ला, डॉ ए एन मिश्रा, रामसूरत दूबे, अनुराग मिश्रा, दिलीप मिश्रा, मनीष तिवारी, संजय शुक्ला, आशीष शुक्ला, विकास तिवारी, शाश्वत अशोक तिवारी, पंकज शुक्ला, किशन शुक्ला, नागेंद्र तिवारी, पवन शुक्ला सहित आदि समाज के प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षा की बदौलत ही गांवों का समग्र विकास संभव : सीमा द्विवेदी



**जंघई।** एसकेएस पब्लिक इंटर कॉलेज वारी एवं कंप्यूटर लैब का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण से शनिवार को मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी राज्यसभा सांसद द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि शिक्षा की बदौलत ही गांवों का समग्र विकास संभव हो सकेगा। नवनिर्माण के लिए बच्चों की पढ़ाई पर सबसे अधिक जोर देना होगा इस दिशा में शिक्षकों व अभिभावकों का समर्पित प्रयास जरूरी है।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक व छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक, जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे सांसद ने कहा कि इस विद्यालय का शुभारंभ एक सराहनीय कदम है। विद्यालय के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि देहात क्षेत्रों के बच्चे इस विद्यालय में पढ़कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हासिल कर सकेंगे। सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में गरीब बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी स्तरीय शिक्षा ग्रहण कर सकें। विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया इस अवसर पर रमेश प्रताप सिंह कोपरेटिव अध्यक्ष, भाजपा नेता चंद्रमणि तिवारी, राजीव दुबे मटरू प्रधान, अशोक दुबे, अरविंद सिंह, जितेन्द्र दुबे, लक्ष्मी सरोज, अभयराज कन्नौजिया प्रधान, अमन पांडेय प्रधान, महेंद्र यादव प्रधान, शांति देवी प्रधान आलोक श्रीवास्तव सचिव, अनिल श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# फूलपुर में सेल्फी विथ अमृत सरोवर कार्यक्रम की रही धूम

### अधिकारियों ने ग्रामीणों संग अमृतसरोवर तालाब पर ली सेल्फी



अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को फूलपुर विकास खण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ह्यसेल्फी विद अमृत सरोवरह्न कार्यक्रम की धूम रही। इस दौरान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बैनर के साथ अमृत सरोवर तालाब की फोटो व वीडियो को ह्यसेल्फी विद अमृत सरोवरह्न हैशटैग के साथ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय ग्रामीण मंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री को टैग करते हुए ट्वीटर पर अपलोड किया गया। खण्ड विकास अधिकारी एच पी वर्मा ने कनेहटी व अरवासी मय बहादुरगढ़ गांव के रानी तालाब में मनरेगा श्रमिको व जनप्रतिनिधियों के साथ सेल्फी लेते हुए कहा कि वर्षा काल में जल संचयन करने व पर्यावरण के सरंक्षण हेतु सरकार का यह कदम बहुत ही सराहनीय है। ग्रामीण जागरूक नागरिक होने का परिचय देते हुए गांवों को साफ सुथरा रखना के साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने अमृत सरोवर के आस-पास निरंतर साफ सफाई कराने का निर्देश अधीनस्थों को दिया। ग्राम रोजगार सेवक हरिओम प्रकाश ने बताया कि गांवों में अमृतसरोवर के निर्माण से ग्रामीणों में भी खुशी है। इस दौरान पूरेभुलई, परासिनपुर, सराय अब्दुल मलिक, पूरेसूदी गांव के साथ ही अन्य गांवों के अमृतसरोवर तालाब पर ग्रामीणों व अधिकारियों द्वारा सेल्फी ली गई। मौके पर मनरेगा एकाउंटेंट राकेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर राजकुमार, ग्राम रोजगार सेवक विजय चंद्र विश्वकर्मा, हरिओम प्रकाश, सुरेश चंद्र, पिंटू,अजय कुमार गुप्ता, विनोद कुमार,महिला मेट, तकनीकी सहायक बृजेश यादव, नन्दगोपाल, मानिक सिंह,काशी नाथ,धरमू राम, ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेन्द्र कुशवाहा, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के साथ ही संबंधित गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

## अमृत सरोवर पर मनाया गया पृथ्वी दिवस



**सहसों।** पर्यावरण शुद्ध एवं स्थिर तथा संतुलन के साथ जीवन के उपयोग में सदैव बना रहे। जिसको देखते हुए विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को विकास खण्ड सहसों के चिलौंडा में अमृत सरोवर पर मुख्य अतिथि गीता सिंह ने सेल्फी विथ अमृत सरोवर के पश्चात उपस्थित लोगों में विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण व जल संरक्षण एवं पौधारोपण के लिए संकल्प दिलाते हुए कहा कि पृथ्वी पर पेड़ पौधा व पानी बचाने के अलावा भूजल स्तर को बनाए रखने,जलीय जीव व पशु पक्षियों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने में अमृत सरोवर तालाब से बड़ी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी संजीवरत्न, ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया, ग्राम पंचायत अधिकारी ललिता यादव , प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , राजेश बहादुर सिंह, अशोक पाल सहित आदि उपस्थित रहे।

## जसरा ब्लॉक के कई गावों में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस



**जसरा।** ग्राम पंचायत चिल्ला गौहानी में सेल्फी विथ अमृत सरोवर के तहत दुबे तालाब चिल्ला गौहानी पर पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी जसरा डॉ सपना अवस्थी, ग्राम पंचायत अधिकारी वीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान शिवमोहन सिंह पटेल मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी जसरा डॉ० सपना अवस्थी ने पृथ्वी संरक्षण के विषय में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस पर आप सब भी कुछ न कुछ ऐसा करें जिससे पृथ्वी, उसके संसाधनों के, उसके जीव जंतुओं के संरक्षण के लिये लोगों में कुछ जागरूकता बढ़े। सही मायने में हमें यह पृथ्वी दिवस रोज मनाना चहिये और जीवन में हम सभी को कम से कम एक पेड़ तो अवश्य तैयार करना चाहिये। इसी तरह ग्रामपंचायत पचखरा, छीड़ी में भी पृथ्वीदिवस मनायागया। इस अवसर पर सुधांशु मिश्र,अखिलेश पटेल, तुलसी यादव, रावेन्द्र तिवारी, राकेश, आलोक, अजय मिश्र, आलोक पाठक विधायक प्रतिनिधि सहित दर्जनों लोग सेल्फी लेने के बाद उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह ने सिरसा के शिव गंगा वाटिका में पदाधिकारियों को किया संबोधित



**मेजा रोड।** शनिवार को प्रभारी मंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह नगर पंचायत सिरसा के शिव गंगा वाटिका में पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं के साथ बैठक किया।इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी विपिन केसरी के पक्ष में वोट करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग गिले-शिकवे भूलकर एक जुट होकर भाजपा प्रत्याशी विपिन केसरी के पक्ष में वोट करे। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी तथा प्रदेश में योगी सरकार भयमुक्त सरकार चलाने का माद्दा रखती है इसलिए प्रदेश तथा क्षेत्र की खुशहाली के लिए भाजपा प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनाएं। बैठक में मीडिया को बाहर रखा गया तथा स्वतंत्र देव सिंह मीडिया से दूरी बनाए रखा और किसी भी सवाल पर मीडिया से बचते नजर आए। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक नीलम करवरिया, विभव नाथ भारती, भाजपा नेता योगेश शुक्ला, पूर्व चेयरमैन भानु अग्रवाल, सुशील केसरी, उमाकांत सेठ राना सेठ, विवेक केसरी श्याम राज यादव किशन सेठ सहित आदि रहे।

### स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

#### एसोसिएशन को संगठित रखने पर जोर देते हुए सभी प्रबंधकों से अपील किया सांसद रीता बहुगुणा जोशी



**नैनी।** स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन आज इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रबंधकों को संबोधित करते हुए सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने एसोसिएशन को संगठित रखने पर जोर देते हुए सभी प्रबंधकों से अपील किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में व्यावसायिक एवं रोजगार परक शिक्षा देने पर जोर दें ताकि युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके अवगत करा दें कि यह स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन का कार्यालय प्रोफेसर राजेंद्र सिंह उर्फ. रज्जू भैय्या राज्य विश्वविद्यालय नैनी के सामने स्थापित किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर रवि शंकर पांडेय , हृदय त्रिपाठी , आशीष दुबे , नरेन्द्र मिश्र ,अखिलेश मिश्र , विनोद तिवारी , दीपक सिंह , मोहम्मद सारिक , कुलदीप पाण्डेय , अनिल श्रीवास्तव , अशरफ अली , ओम प्रकाश द्विवेदी , यस आर यादव सहित भारी संख्या में महाविद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

### नाली विवाद में घर में घुसकर पीटा, दो नामजद

**मऊआइमा।** नाली के विवाद को लेकर घर में घुस कर दो को मारा पीटा गया। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल निवासी राम राज पटेल पुत्र राम कुमार का आरोप है कि नाली के विवाद को लेकर उन्हें घर में घुसकर मारा पीटा गया। जान से मारने की धमकी दी गई। रामराज ने मऊआइमा थाने में लाल चन्द, राम अभिलाष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# शिक्षिकाओं की दोबारा तैनाती से लोगों में भय व आक्रोश

### विद्यालय को अखाड़ा बना कर मार पीट करने वाली शिक्षिकाओं का स्थांतरण के बाद दोबारा तैनाती से आक्रोश

### मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास में स्थित प्राथमिक विद्यालय में फरवरी माह हुआ था जमकर मारा मारी, दो बच्चे हुए थे घायल

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** शिक्षा के मन्दिर को दंगल का मैदान बना कर दो शिक्षिकाओं ने जम कर मार पीट बाल नोचौव्वल किए थे।जिसमें दो बच्चे जख्मी हो गए थे। खंड शिक्षाधिकारी मौके पर पहुंच कर दोनों को शांत करा दिया था। दोनों झगडालू महिला शिक्षकों का स्थानांतरण हो गया था। दोबारा फिर तैनाती होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मऊआइमा के सुलतानपुर खास गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में सात फरवरी को सहायक अध्यापिका प्रिंका श्रीवास्तव तथा प्रधानाध्यापिका कामनी गौड के बीच पूर्व से चल रहे तनातनी को लेकर दोनों आपस में भिड गए तथा एक दूसरे का बाल नोंचने लगे। और एक दूसरे को पटख दिए। ताला खींच कर मारने से दो छात्र सचिन 11वर्ष तथा लकी 11 वर्ष जख्मी हो गए थे। खंड शिक्षाधिकारी मौके पर पहुंच कर शांत करा कर दोनों से स्पष्टीकरण मांगा था। सही जवाब न देने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दोनों शिक्षिकाओं का स्थानांतरण हंडिया के विभिन्न विद्यालयों में हो गया था।बताया गया है कि दोनों शिक्षिकाओं का फिर मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र में कर दिया गया है। जिससे झगडा होना तय है। सुलतानपुर खास के ग्राम प्रधान चन्द्र सेन यादव, अशोक मिश्रा, ऋषि कुमार प्रजापति, रीना गौतम ,शिवानी ,सीता देवी, महेन्द्र ,दिनेश आदि ने जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शासन स्तर तक अधिकारियों को शिकायतीपत्र देकर दोनों महिला शिक्षिकाओं को मऊआइमा को दंगल का अखाड़ा बनने से रोकने की मांग करते हुए। मऊआइमा में कदापि न भेजा जाए। दोनोंकी तैनाती से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# यूनाइटेड के 16 छात्र स्पेन के यूआरवी विश्व विद्यालय में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में करेंगे इन्टर्नशिप

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** यूनाइटेड के 16 छात्र स्पेन के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी रोविरा आई वर्जिली (यूआरवी) विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में इन्टर्नशिप करेंगे। इसके लिए सभी छात्र शनिवार को स्पेन के लिए 15 दिनों की यात्रा पर रवाना हुए इनमें से 13 छात्र यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) नैनी, प्रयागराज कैंपस और तीन ग्रेटर नोएडा कैंपस के हैं यूजीआई, नैनी के फॉरेन रिलेशंस हेड और इस यात्रा के कोऑर्डिनेटर डॉ अजय शर्मा ने बताया कि 15 दिनों की इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में इन्टर्नशिप कराना और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर एक्सपोजर दिलाना है। उन्होने बताया कि यह यात्रा फैकल्टी एक्सचेंज एंड रिसर्च प्रोग्राम के तहत आयोजित की गई है जिसका आयोजन यूनाइटेड हर साल अपने शिक्षकों और छात्रों के लिए करता है उन्होंने कहा कि सभी छात्र शनिवार शाम नई दिल्ली से स्पेन के लिए उड़ान भरेंगे और अगले दिन स्पेन पहुंचेंगे। बताया की सभी छात्र 9 मई, 2023 को भारत लौटेंगे डॉ.शर्मा ने फ्लैग ऑफ समारोह के दौरान छात्रों और उनके माता-पिता को इस यात्रा की पूरी जानकारी भी साझा की इस अवसर पर यूजीआई के प्रतिनिधियों, छात्रों और अभिभावकों के साथ यूआरवी, स्पेन की फॉरेन रिलेशंस हेड प्रो. ब्लैंका डोमिंगो के साथ एक वर्चुअल मीटिंग का भी आयोजन किया गया। उन्होनें यूजीआई के डेलीगेट्स और उनके अभिभावकों से वार्ता की और इस शैक्षणिक यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त की यूजीआई के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी ने इस विदेश यात्रा के लिए चुने गए सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों को स्पेनिश भाषा सीखने का भी सुझाव दिया वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी ने छात्रों को इस समय का उपयोग नई चीजें सीखने और अनुशासन बनाए रखने का सुझाव दिया प्राचार्य, यूसीईआर प्रो एचपी शुक्ला और डीन, कॉरपोरेट एंड इंडस्ट्री रिलेशंस, यूजीआई डॉ दिव्या बरतरिया ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस यात्रा से निश्चित रूप से छात्रों को उनके करियर के विकास में लाभ होगा इस मौके पर पीआरओ राजेश श्रीवास्तव और फैकल्टी गौरव नारायण भी मौजूद थे।

## सपा नेता रहे रईस चंद्र शुक्ल को भाजपा ज्वॉइन कराने पर मंत्री नंदी ने जताई आपत्ति

**प्रयागराज।** शहर दक्षिणी विधानसभा से 2022 में सपा के प्रत्याशी रहे रईस चंद्र शुक्ल को भाजपा में शामिल कराने पर शहर दक्षिणी से भाजपा के विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा के एक नेता पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग पार्टी को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चलाना चाहते हैं। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। मंत्री नंदी ने कहा कि स्थानीय विधायक के रूप में मुझे विश्वास में लेना तो दूर बिना कोई औपचारिक सूचना दिये मेरे विरुद्ध समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव लड़कर बुरी तरह से चुनाव हारे रईस चन्द्र शुक्ला को भाजपा ज्वाइन कराने का प्रस्तावित कार्यक्रम घोर अपमाजनक एवं आपत्तिजनक है! स्थानीय विधायक की अवहेलना व उपेक्षा करते हुए विपक्षी उम्मीदवार को पार्टी ज्वाइन कराना बेहद गंभीर प्रकरण और गहरी साजिश है।

# प्रबुद्ध रंग महोत्सव-2023 का आयोजन 30 अप्रैल को

### नृत्य, नाटक व गायन की प्रस्तुतियों के साथ होगा प्रबुद्ध रंग महोत्सव का समापन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** 21 अप्रैल 2023, प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), बाबासाहब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में विगत एक अप्रैल से यमुनापार की ग्रामसभा दौना में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चो के सृजनात्मक कलात्मक और व्यक्तिव विकास के लिये संचालित एक तीस दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का समापन नागपुर महाराष्ट्र की प्रख्यात बहुजन महिला साहित्यकार डा. सुशीला टाकभौरे द्वारा लिखित नाटक जीवनं के रंग, जौनपुर निवासी अरुणांचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल प्रख्यात बहुजन साहित्यकार डा. माता प्रसाद द्वारा लिखित नाटक अछूत का बेटा और महादानी राजा बलि तथा मेरठ निवासी प्रख्यात बहुजन साहित्यकार सूरज पाल चौहान द्वारा लिखित कहानी परिवर्तन की बात जैसे चार नाट्य प्रस्तुतियों व नृत्य व गायन की प्रस्तुतियों के साथ प्रबुद्ध रंग महोत्सव-2023 का आयोजन आगामी 30 अप्रैल 2023 को अपराह्न 02 बजे से सर्किट हाउस के पास स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह में किया जाएगा। बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षण संबर्धन और उसके विकास के साथ साथ बहुजन संस्कृति के पुनरस्थापत्य के लिये सतत समर्पित प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा प्रयागराज की धरती पर यह पहली बार रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। एक ओर जहां प्रबुद्ध फाउंडेशन के द्वारा यमुनापार की बहुजन बाहुल्य बस्तियों के उच्च प्राथमिक स्तर तक के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिये प्रबुद्ध पाठशाला की शाखाएं डाली जा रही है तो वही दूसरी ओर पाठशाला के बच्चों के सृजनात्मक कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का आयोजन कर बच्चो को बहुजन साहित्य कला और संस्कृति के साथ बहुजन रंगमंच से रूबरू किया जा रहा है।

# अतीक अशरफ हत्याकांड में कमरा नंबर 203 से खुलेगा मौत का राज, एसआईटी कर रही जांच

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माफिया अतीक-अशरफ की हत्या करने वाले तीनों शूटर खुल्दाबाद थाने के पास स्थित होटल स्टे-इन में ठहरे थे। इनका कमरा नंबर 203 था। तीनों 13 अप्रैल की रात करीब साढ़े आठ बजे होटल में दाखिल हुए थे। माफिया भाइयों की दोपहर में रिमांड मंजूर होने की खबर मिलते ही तीनों चित्रकूट से बस के जरिये प्रयागराज पहुंचे थे। इनके कमरे की तलाशी में दो फोन बरामद किए गए हैं। हालांकि, इनके सिमकार्ड लापता है। पुलिस ने होटल के डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) कब्जे में लेते हुए 15 दिन के भीतर आए मेहमानों की आईडी प्रूफ की कॉपी भी ली है। पुलिस इनसे भी पूछताछ कर सकती है। इस होटल से घटनास्थल (कॉल्विन हॉस्पिटल) की दूरी एक किलोमीटर है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की पांच दिन की कस्टडी रिमांड में तीनों शूटरों से अकेले और अलग-अलग कई चरणों में पूछताछ हुई है। इससे अतीक-अशरफ हत्याकांड को अंजाम देने की कड़ियां धीरे-धीरे जुड़ती जा रही हैं।पूछताछ में पता लगा है कि तीनों शूटर पुराने शहर में खुल्दाबाद थाने के पास स्थित होटल स्टे-इन में ठहरे थे। इन्हें कमरा नंबर 203 आवंटित किया गया था। पुलिस की एक टीम शनिवार की दोपहर होटल में जांच करने पहुंची और मैनेजर व स्टॉफ से पूछताछ की।

**किसने दिया प्रयागराज रवाना होने का आदेश :** तफ्तीश में पता लगा है कि चित्रकूट से तीनों शूटर 13




अप्रैल को रात 8:30 बजे प्रयागराज पहुंच गए थे। इसी दिन दोपहर करीब तीन बजे दोनों भाइयों की पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेजने का आदेश जारी हुआ था। यानी, रिमांड मंजूरी के लगभग पांच घंटे बाद। इसके बाद तीनों शूटर रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे और फिर बेखौफ होकर खुल्दाबाद थाने के बगल स्थित होटल में जा ठहरे। शूटरों को प्रयागराज रवाना होने का आदेश किसने दिया था, अभी तक इसकी गुत्थी सुलझी नहीं है।

**बरामद फोन में नहीं लगा था सिम :** होटल के जिस कमरा नंबर 203 में रहते हुए शूटरों ने अतीक की रेकी की और फिर दो दिन बाद कॉल्विन हॉस्पिटल के गेट पर भून डाला, वहां की तलाशी में एक बैग मिला है। इस बैग में ही दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। हैरानी की बात है कि किसी भी फोन में सिम नहीं लगा है। बगैर सिम के फोन क्यों हैं, इस पर शूटर मौन हैं। सूत्रों का कहना है कि शूटरों की यह ध्यान भटकाने वाली चाल भी हो सकती है। पुलिस ने होटल का सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला। इसके साथ ही कर्मचारियों से पूछताछ करने के बाद पिछले 15 दिन के भीतर होटल में आए मेहमानों का ब्योरा भी लिया। फिलहाल, मेहमानों की आईडी प्रूफ की कॉपी ली गई है। जरूरत लगने पर पुलिस इनसे भी पूछताछ कर सकती है।

**घटनास्थल पर दो घंटे से मौजूद थे शूटर**

एसआईटी की जांच में सनसनीखेज बात यह भी मालूम चली है कि शूटर 15 अप्रैल की रात अतीक-अशरफ को ढेर करने के लिए दो घंटे पहले ही कॉल्विन हॉस्पिटल पहुंच गए थे। बड़ा सवाल यह है कि इतनी पुख्ता जानकारी शूटरों को कैसे थी, जबकि उस वक्त पुलिस माफिया भाइयों को कसारी-मसारी के जंगल ले जाकर उनसे पिस्टल बरामद करा रही थी। यह किसी बड़ी साजिश से ही संभव है कि शूटर यह जानते थे कि अतीक-अशरफ को एक बार फिर से हॉस्पिटल लाया जाएगा, जबकि इसकी खबर अस्पताल अधीक्षक तक को नहीं दी गई थी। जैसे ही माफिया भाई रात करीब साढ़े 10 बजे पहुंचे, मीडिया कर्मी बनकर खड़े तीनों शूटरों ने उन पर 20 से ज्यादा गोलियां उतार दीं। हमले की फिराक में शूटर एक दिन पहले भी अस्पताल आए थे, लेकिन तब पुलिस और मीडियाकर्मियों की संख्या ज्यादा होने से बात नहीं बनी थी। अभी रिमांड की अवधि रविवार शाम पांच बजे तक है। इस दौरान और भी कई खुलासे हो सकते हैं।

## शाइस्ता के बचाव में उतरे डीडीयू के बर्खास्त प्रोफेसर

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद जहां पूरे यूपी में अतीक की पत्नी शाइस्ता की तलाश चल रही है। वहीं, गोरखपुर यूनिवर्सिटी के बर्खास्त प्रोफेसर शाइस्ता परविन और उसके बेटों के पक्ष में उतर गए हैं। बर्खास्त प्रोफेसर सम्पूर्णानन्द मल्ल दोनों के बचाव के पक्ष में टाउन-हाल स्थित गांधी प्रतिमा पर धरने पर बैठे हैं। दरअसल, डॉ. सम्पूणार्नंद मल्ल गोरखपुर यूनिवर्सिटी में पूर्व संविदा शिक्षक रहे हैं। लेकिन, उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 6 साल पहले बर्खास्त किया जा चुका है। ऐसे में वे लगातार विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज उठाते रहते हैं।

**अतीक के मोहल्ले में नहीं लगे झूले, गायब रही ईद की रौनक**

**प्रयागराज।** ईद की खुशियां भले ही पूरे शहर में देखने को मिल रही हो, मगर अतीक अहमद के मोहल्ले की रौनक गायब रही। चकिया, कसारी-मसारी में इस बार न तो झूले लगे और न ही कहीं डीजे बजा। यहां तक कि दुकानें बंद रहीं और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। चकिया चौराहे पर सुरक्षा में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। सुबह के समय ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अपने घरों में ही ईद मनाना मुनासिब समझा। नूरी से हरी मस्जिद तक सड़कों पर गिनती के लोग की एक दूसरे को ईद की बधाई देते नजर आ रहे थे।एक दौर था जब चकिया, कसारी-मसारी की ईद का जश्न दूर दूर तक प्रसिद्ध था। लोग कसारी-मसारी में रहने वाले अपने मित्रों, सगे संबंधियों को ईद की बधाई देने के बहाने यहां आते थे। अतीक के घर पर ईदी लेने लिए लंबी कतार लगती थी। घर के पास झूले भी लगे होते थे, जहां बच्चे सारा दिन मस्ती करते थे। सड़कों पर चहल पहल रहती होती थी।शाम के समय चकिया के पोस्ट ऑफिस वाली गली में डीजे लगता था। 2016 में अतीक अहमद के जेल जाने के बाद से यह रौनक खत्म सी होने लगी। इस बार चकिया, कसारी-मसारी की सड़कों पर सीमित संख्या में लोग नजर आ रहे थे।

## न्यूज झरोखा

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम



**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र मांडा खास में बीते शुक्रवार की देर रात्रि करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँचे मांडा थाने के पुलिसकर्मियों ने शव को पंजीकृत कर दाह संस्कार के लिए सुपुर्द कर दिया। बता दे मांडा खास निवासी विनोद कुमार पुत्र शोभनाथ ड्राइविंग करके अपना अपने परिवार का भरण पोषण व जीवन यापन करता था। लेकिन बीते शुक्रवार की देर रात्रि में काम से घर लौट कर पास के ही बिजली के खम्बे पास में पेशाब कर रहा था। इसी बीच आसमान पर बिजली की तेज कड़ कड़ाहट से युवक बिजली की चपेट में आ गया आनन फानन मे आस पास के लोगों ने तत्वकाल मांडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। जिससे मृतक के माता पिता, पत्नी नेहा कुमारी का रो रो कर बुरा हाल हो हो गया है। बताया जाता है कि मृतक विनोद कुमार अपने चार भाईयो में सबसे छोटा था। इसके पहले भी दो भाईयो की लंबी बीमारी व एक्सिडेंटल से मौत हो चुकी है। जिससे परिवार की सारी जिम्मेदारी मृतक विनोद कुमार पर पड़ गयी और साल भर पहले उसकी शादी कर दी गयी जिससे पत्नी नेहा से पुत्र प्राप्त हुआ। मृतक की पत्नी नेहा कुमारी ने मांडा थाने मे तहरीर देकर आर्थिक सहायता की मांग की।

### बदमाशों ने मेडिकल संचालक के साथ लूट को दिया अंजाम

**तमंचे के बल पर लूट ले गये नगदी समेत मोबाइल**



**करछना।** थाना क्षेत्र के मिजार्पुर हाईवे के समीप पचदेवरा मार्केट में मेडिकल स्टोर पर हुई लूट तमंचे के बल पर की गई लूट मझुआ गांव के रहने वाले शिव बहादुर पुत्र प्राणनाथ पचदेवरा चौराहे के समीप किराऐ के कमरे में मेडिकल स्टोर खोल रखी है शाम लगभग 7बजे के आसपास बाईक सवार अपाचे गाड़ी से आए दो बदमाश इलाज के बहाने मेडिकल स्टोर में घुसे और डाक्टर से बात चीत करते हुए तमंचा सटाकर जमीन पर पटक दिया और दराज में रखा आठ हजार रुपए और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए जिसके बाद जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी जांच में जुट गये हैं।

### पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ पुलिस मित्र की टीम ने कराया ईद उल फितर नमाज को सकुशल संपन्न



**नैनी।** विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र की ड्यूटी आज ईद के नमाज में नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में लगाई गई । एसीपी करछना प्रभारी निरीक्षक नैनी एवं उप जिलाधिकारी करछना के निर्देशन में एसपीओ टीम ने अपना दायित्व संभाला मौके पर एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह एवं उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली थाना प्रभारी रवि मिश्रा सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल राजू वर्मा, संजीव वर्मा, सुशील शर्मा, अश्वनी शर्मा, राम जी, राजू साहनी, रोहित चौरसिया, प्रदीप कुमार, अरविंद कुमार, राकेश सोनकर आदि रहे। **नैनी में ईद को सकुशल संपन्न कराया गया :** नैनी क्षेत्र में शान्ति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु ईद के दृष्टिगत एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह द्वारा पुलिस बल व विशेष पुलिस अधिकारी के प्रभारी आशीष जायसवाल के साथ लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और ईद को सकुशल संपन्न कराया गया।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित किये गए जन जागरूकता कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शनिवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज नमामि गंगे युवाओं की सहभागिता के अंतर्गत संगम तट पर जन जगरूकता व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह , स्पेयरहेड लीडर्स निर्मलकांत, रोहित, रूपशंकर, गंगा दूत गगन ,शिवम उपस्थित रहे ' कार्यक्रम में टीम ने गंगा के तट पर सफाई अभियान चलाया और नारे लगा कर रैली के माध्यम से जागरूकता की ' जिला परियोजना अधिकारी ने बताया विश्व पृथ्वी दिवस का बहुत महत्व है, ब्रह्मांड में पृथ्वी गृह को छोड़कर अन्य किसी गृह पर जीवन नहीं है। घटती हरियाली, सूखता पानी,पिघलते ग्लेशियर, बढ़ता तापमान इत्यादि विषयों की वास्तविकता से हम




अवगत होते है ' यह हम सब की जिम्मेदारी है कुछ न कुछ ऐसा करें जिससे पृथ्वी के, उसके प्राकृतिक संसाधनों के, उसके जीव जंतुओं के संरक्षण के लिए कुछ जागरूकता बढ़े। हर साल पृथ्वी दिवस को अलग अलग थीम दी जाती है. इस बार ह्यइन्वेस्ट इन आवर अर्थ' दिया गया है, जिसका अर्थ है हमारी पृथ्वी में निवेश करें' स्पीयर हेड लीडर रूप शंकर और रोहित ने संगम तट पर आइए हुए आम जन मानस को जागरूक किया और प्रोत्साहित करते हुए कहा हम सब पॉलिथीन के उपयोग को नकारें, कागज का इस्तेमाल कम करें और रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ावा दें क्योंकि जितनी ज्यादा खराब सामग्री रिसाइकल होगी, उतना ही पृथ्वी का कचरा कम होगा। निर्मल कांत ने ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण कर के पर्यावरण संरक्षण करने की अपील की ' कार्यक्रम के अंत में गंगादूत गगन ने उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता शपथ दिलाई।

# महापौर प्रत्याशी खर्च कर सकेंगे 40 लाख रुपए

**पार्षद प्रत्याशी अपने प्रचार में खर्च कर सकेगा तीन लाख रुपए तीन बार देना होगा लेखा जोखा**




**प्रयागराज।** नगर निगम के चुनाव में इस बार महापौर पद के प्रत्याशी 40 लाख रुपए अपने प्रचार प्रसार में खर्च कर सकेंगे। जबकि बीते निकाय चुनाव में महापौर प्रत्याशियों के लिए 25 लाख रुपये खर्च करने की सीमा निर्धारित की गई थी। इसी तरह पार्षद पद का प्रत्याशी अपने चुनाव में महज तीन लाख रुपए ही खर्च कर सकता है।वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी ढाई लाख रुपए खर्च कर सकता है। इसके लिए प्रत्याशी द्वारा खर्च किए गए रुपयों का लेखा जोखा रखा जाएगा। इसके लिए मुख्य कोषाधिकारी शिवेंद्र सिंह को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तंत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन व्यय रजिस्टर बनाया गया है जिसमें नामांकन तिथि से चुनाव परिणाम तिथि तक का पूरा विवरण रखा जाएगा।

**प्रत्याशी को 3 बार कराना होगा लेखा परीक्षण**

कोषाधिकारी आनंद दुबे ने बताया कि प्रत्याशी को तीन बार लेखा परीक्षण कराना अनिवार्य होगा। पहली बार 24 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच में, दूसरी बार 01 मई से 07 मई तक और तीसरी बार 08 मई से 15 मई तक लेखा परीक्षण कराना होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी व्यय लेखा परीक्षण कलेक्ट्रेट कोषागार के नवीन भवन में स्थापित व्यय अनुवीक्षण कक्षों सें संबंधित लेखा टीम से कराना होगा। निर्वाचन व्यय के लिए अलग से बैंक खाता खोला जाएगा। उसी खाते से ही प्रत्याशी को रुपये खर्च करने होंगे। सभी प्रत्याशियों को व्यय रजिस्टर की अधिकृत प्रति संबंधित रिटर्निंग आफिसर से प्राप्त करना होगा।

## मार्गों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता से जनता को नाराजगी

**पीडब्ल्यूडी ठीकेदारों को दी गई नोटिस होगी कार्यवाही : यू एस पाण्डेय**

**कोराव।** लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत नई सड़कों के निर्माण तथा मरम्मती करण कार्य की गुणवत्ता से खिन्न क्षेत्रीय आम जनों की शिकायत पर सहायक अभियंता प्रांतीय खंड यू एस पाण्डेय ने क्लस्टर सड़कों सहित सभी निर्माण हो रही सड़कों के ठीकेदारों को नोटिस दे दिया है और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त बातें यू एस पाण्डेय ए ई पीडब्ल्यूडी ने इस प्रेस प्रतिनिधि से वार्ता के दौरान बताई। उन्होंने बताया कि बड़ोखर कलस्टर की सड़कों का निर्माण कार्य मेरी देख रही में तो नहीं है किंतु अन्य मार्गों के निर्माण कार्य में जैसे ही मुझे शिकायत मिली वैसे ही उक्त संबंधित ठीकेदारों को नोटिस दे दिया था और कुछ के भुगतान पर भी रोक लगवाई। उन्होंने बताया में या मेरा विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं चाहता कि गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य हो। उन्होंने कुछ लोगों द्वारा बिना समझे पूरी जानकारी प्राप्त किए मेरे बगैर निगरानी वाली सड़कों पर घटिया कार्य कराने का आरोप लगाया जो निराधार है। और न ही मुझसे इस विसय में कोई जानकारी लेने की कोशिश ही की।श्री पांडे ने बताया कि मेरे अतिरिक्त एक ए ई समर्जिता सोनकर भी हैं। किंतु किसी एक अधिकारी का नाम ले कर तरह तरह के आरोप लगाया जाना अनुचित प्रतीत होता है। व्यक्तिगत तौर पर मनमानी और गुणवत्ता बिहीन कार्य कराने वाले ठीकेदारों को चेतावनी दी गई है और अब अग्रिम कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए मेरे विभाग द्वारा और भी सड़कों का प्रस्ताव भेजा गया है। और इसी माह योजना में सम्मिलित कर और भी सड़कों का काया कल्प कराया जाएगा। इस निमित्त माननीय जन प्रतिनिधियों द्वारा कई मार्गों के निर्माण कार्य हेतु दिए गए प्रस्ताव पत्रों के अनुसार कार्यवाही विभाग के स्तर से सुनिश्चित कराई जाएगी।




## बड़े सद्भावना व उल्लास के साथ मनाई गई ईद की नमाज

**झूंसी।** शनिवार को क्षेत्र में ईद उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बुजुर्ग, नौजवानों के साथ बच्चे कुर्ता पायजामा टोपी पहने अपने घरों से बड़ी ही धूमधाम व सद्भावना के साथ निकलकर पास की ईदगहो पर पहुंच कर ईद की नमाज अदा की। क्षेत्र की सभी ईदगाहों व लगे निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा की गई मस्जिदों पर सामूहिक नमाज अदा की गई अदा कर लोगों ने बरकत के साथ देश के लिए दुआ मांगी नमाज के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा अमन और शांति की ऊपर वाले से दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने फिर एक दूसरे से सीने से लगा कर दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी। ईद की मुबारक बाद दी। हिंदू भाइयों ने भी 30 रोजे के बाद शुक्रवार की शाम ईद मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी का चाँद खुशियो के साथ आया तो इस मौके पर एक दूसरे को सेवइयों मुस्लिम इलाकों की रौनक और बढ़ गई खिलाई गई। शांति व्यवस्था के मद्दे नजर शनिवार को झूसी ईदगाह, कनिहार मलावा झूसी कोहना में चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह मस्जिद, मालवा, तुरकाना झूसी कोहना आदि फोर्स के साथ देर तक मौजूद रहे।

# डॉ चंद्रमोहन सिंह की शिकायत पर हुई जांच पुनः होगा चुनाव

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** उरुवा ब्लाक के अंतर्गत शुकुलपुर में साधन सहकारी समिति के चुनाव में कुटरचित कर प्रपत्र( ट) फाड़कर उपाध्यक्ष एवं भारी संख्या में डेलिकेट के बदलने का आरोप लगाया जिसकी शिकायत भारतीय खाद्य निगम के सदस्य डॉ चंदन सिंह ने उच्च अधिकारियों से थी वहीं उच्च अधिकारियों ने जांच कर फजीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं चुनाव निरस्त कर पुनः निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के आदेश दिए हैं मिली जानकारी के अनुसार साधन सहकारी सीमित शुकुलपुर में चुनाव हुआ जिसमें उपाध्यक्ष शैल कुमारी पति हरि नारायण तिवारी ओनौर मेजा निर्विरोध निर्वाचित हुए वही आरोप है कि 2 दिन बाद प्रपत्र( ट) फाड़ कर फर्जी ढंग से उपाध्यक्ष शिवम पांडेय को बना दिया गया साधन सहकारी सीमित संघ रामनगर और क्रय विक्रय सहकारी बैंक व डीसी एप में निर्वाचित डेलीगेटो का जो नाम गया था उसको भी अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और पप्पू दुबे निर्वाचन अधिकारी धनंजय कुमार व साधन सहकारी समिति शुकुलपुर के सचिव आशीष मिश्रा द्वारा दूसरे दिन कूट रचित कर प्रपत्र वह रजिस्टर फाड़ कर निर्वाचित सभी संस्थाओं के डेलीगेटर को बदल कर नया



डेलीगेट फर्जी ढंग से बना दिया गया इसी सूचना होने पर भारतीय खाद निगम भारत सरकार के सदस्य डॉ चंद्रमोहन सिंह द्वारा अपने पत्र मे लिखकर शिकायत शासन और प्रशासन को किया जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए उच्च अधिकारियों द्वारा त्रिस्तरीयजांच कमेटी गठित कर 3 दिवस के अंदर आख्या मांगी गई जांच द्वारा शिकायत की गई बातों की ऑडियो वीडियो और कागजातों में रूप को पुष्ट और सही मानते हुए उच्चाधिकारियों ने शुक्लपुर समिति चुनाव को निरस्त करते हुए उपरोक्त के ऊपर वैधानिक विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# कार्यकर्ताओं का जोश बता रहा, यहां हर सीट पर खिलेगा कमल : स्वतंत्र देव सिंह

**शंकरगढ।** सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लाखों कार्यकताओं के त्याग और बलिदान से बनी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विचाधारा के लिए लड़ते हैं। भाजपा का कार्यकर्ता पद और टिकट के लिए नाराज होना पाप समझता है। पार्टी के सम्मान और मोदी-योगी को मजबूत करने के लिए अपने सुखों का परित्याग करता है, तभी मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर से धारा 370 व 35ए को समाप्त कर ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्न के सपने को पूरा कर पाती है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो पाता है और हिंदू-मुस्लिम एक साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं। शनिवार को शंकरगढ़ के नगर पंचायत चुनाव में प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हर गली-मोहल्ले में आवास, शौचालय व कोरोना काल में राशन, दवा का प्रबंधन किया। दर्जनों योजनाओं का लाभ जन-जन को दिया जा रहा है। मैं, आप सबके चरणों में वंदना करने आया हूं। आपका जोश देखकर यह लगता है कि यहां कमल खिलेगा। स्वतंत्र देव सिंह ने सभी को माता-पिता की सेवा करने के साथ पांच बिंदुओं पर सुझाव देकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अंजू देवी को कार्यकताओं का आशीर्वाद भी दिलवाया। सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी व विधायक बारा डा. बाचस्पति ने मतदाताओं से कमल खिलाने की अपील की। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने समापन कर आभार जताया। संचालन नगर संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी



प्रसाद तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी ओंकार नाथ केशरी, नगर प्रभारी सुबोध सिंह, विभूति नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, मंडल प्रभारी मनोज पासी, कमलेश त्रिपाठी, अश्विनी पटेल, पुष्पराज सिंह, मंडल अध्यक्ष जगत शुक्ल,कुलदीप सिंह पटेल, सतीश विश्वकर्मा, सुभाष सिंह पटेल, अरूण सिंह, कुशल जैन, रोहित केसरवानी, वंदना सिंह, सुधा गुप्ता, गोपाल दास गुप्ता,राम खेलावन गुप्ता, गुड्डा मिश्र, रतन केसरवानी, अखिलेश सिंह, धर्मराज पाल,मसुरियादीन वर्मा, सुजीत केसरवानी, सतीश कुमार त्रिपाठी,राजेश केसरवानी,उमा वर्मा,नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया के साथ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भरत चरित्र प्रसंग सुन भावविभोर हुए गरियांव निवासी



**जंघई।** गरियांव गांव में मुख्य यजमान शोभनाथ मिश्र के निवास पर चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा वाचक रसराज मृदुल महाराज वृंदावन धाम ने भरत चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने भरत के मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति अटूट प्रेम और वात्सल्य भाव के कई प्रसंग सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। महाराज ने कहा कि भ्रातृत्व प्रेम किसी का है तो वह भरत का वर्तमान समय में भरत चरित्र की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। स्वार्थ के कारण आज भाई-भाई जहां दुश्मन जैसा व्यवहार करते हैं, वहीं भरत चरित्र त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर प्रेम का दूसरा उदाहरण है भरत का विग्रह श्रीराम की प्रेम मूर्ति के समान है जिससे भाई के प्रति प्रेम की शिक्षा मिलती है। मनुष्य जीवन में भाई व ईश्वर के प्रति प्रेम नहीं है, तो वह जीवन पशु के समान है सभी को भरत और श्रीराम से भाई व ईश्वर प्रेम की सीख लेनी चाहिए।उन्होंने कहा कि भरत ने राजतिलक का परित्याग कर भातृ प्रेम की अनूठी मिसाल पेश कर समाज को जो संदेश दिया, वह आज लोग भूलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है और हमें लोभ लालच न कर प्रेम बनाए रखने की प्रेरणा देती है। रामायण में भरत ही एक ऐसा पात्र है, जिसमें स्वार्थ व परमार्थ दोनों को समान दर्जा दिया गया इसलिए भरत का चरित्र अनुकरणीय है। भरत चरित्र का प्रत्येक प्रसंग धर्म सार है क्योंकि भरत का सिद्धांत लक्ष्य की प्राप्ति व राम के प्रेम को दशार्ता है। कथा आयोजक भरत मिश्र एवं परिजनों ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन आरती प्रसाद वितरण करवाया। इस अवसर पर जटाशंकर मिश्र, रमेश कुमार मिश्र, दिनेश कुमार मिश्र, अशोक कुमार मिश्र, आशीष मिश्र, उत्तम मिश्र, अंकित, आलोक, मध्यम, श्लोक, उत्सव, शुभम, कुशल, आयुष, कृष्णा, यश, समीक्षा, स्वीटी, मुक्ता, सनाया, रिद्धि, सिद्धी मिश्र सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत कबरा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 22-04-2023

ग्राम पंचायत **कबरा** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, स्वच्छ भारत मिशन (SWM)/ मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **कबरा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 23-04-2023 से दिनांक 06-05-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 07-05-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 07-05-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी. एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक खाद गड्ढा 4 नग | 8900 | 1 माह |
| 2. | कचरा पात्र 3 नग | 24000 | 1 माह |
| 3. | प्लास्टिक बैंक 2 नग | 24000 | 1 माह |
| 4. | सामुदायिक सोक पीट 1 नग | 14950 | 1 माह |
| 5. | हैण्डपम्प सोक पीट 5 नग | 74750 | 1 माह |

बब्बू लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अक्षत सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# पूरे जनपद में शांति व सौहार्द से हर्षोल्लास के साथ मनाई गइ ईद

## ईदगाह में डीएम, एसपी, एडीएम, एसडीएम सहित भारी पुलिस रही तैनात, दिन भर चलता रहा एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद देने का सिलसिला



ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते लोग।



ईदगाह में मौजूद डीएम, एसपी व अन्य।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूरे जिले में ईद का त्योहार सौहार्दपूर्ण मनाया गया। शहर में सबसे बड़ी नमाज भुलियापुर स्थित ईदगाह में होती है। आज शनिवार को पूर्वान्ह नौ बजे ईदगाह में 10 हजार से अधिक नमाजी ईद की नमाज अदा करने पहुंचे थे। ईद पर नमाजियों ने अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। इस मौके पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एडीएम त्रिभुवन मौर्य, एसडीएम सदर शैलेन्द्र वर्मा, नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, जीजीआईसी के मोहम्मद अनीस के अलावा पूर्व विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष के भाजपा प्रत्याशी हरिप्रताप सिंह, सपा प्रत्याशी संतोष यादव, बसपा प्रत्याशी सादिक अली, निर्दलीय प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह व कांग्रेस प्रत्याशी गल्ली तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

इसी प्रकार शहर के जेल रोड, पंजाबी मार्केट, बलीपुर, बेगम वार्ड सहित अनेक मस्जिदों में ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। पूरे जिले में लोग ईद का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया। वैसे भी प्रतापगढ़ में साम्प्रदायिक सौहार्द यहां की पूंजी है। हिन्दू-मुस्लिम एक दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद दिये और घरों में जाकर सेंवईयों का भी लुत्फ उठाया। यह क्रम पूरे दिन चलता रहा। जगह-जगह पुलिस की चुस्त व्यवस्था थी और पुलिस के अधिकारी भी गष्त कर रहे थे। जिले में ईद का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर सभी वर्ग तथा समुदाय के लोगों ने आपस में मिलकर ईद की खुशियां बांटी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे।

ईदगाह पर मेले का भी आयोजन हुआ। शहर व देहात क्षेत्र में जगह-जगह ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। युवा वर्ग के लोगों में ईद की खुशी ज्यादा दिखी। रोजेदारों ने नमाज अता कर वतन की हिफाजत की दुआ मांगी। सजदा-ए-शुक्र अदा करने के बाद लोग आपस में गले मिले। इस मौके पर हर कोई अपने गले-शिकवे को भूल एक दूसरे की खुशी में शरीक होता नजर आया। इस अवसर पर लोगों ने ईद की खास डिश ह्यसेवईंह्ण का खुब लुत्फ उठाया। सुबह से ही ईद की खुशी हर ओर झलक रही थी। लोग नमाजे ईद पढ़ने के लिए सुबह से ही घरों से निकल पड़े। ईदगाह और शहर की मस्जिदों की ओर इक हुजूम जाता दिखा। लोग नये कपड़े पहने, इत्र और टोपियां लगाये अल्लाह की पाकी और बड़ाई बयान करते हुए नमाज पढ़ने के लिए गये। नमाजे ईद की सबसे बड़ी जमात ईदगाह में हुई। यहां हदे निगाह तक नमाजी ही दिखे।

## सादगी के साथ मुस्लिम भाइयो ने मनाया ईद उल फितर का त्योहार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ईद उल फितर के त्योहार पर परियांवा के मुस्लिम भाइयो को ईदगाह मे शनिवार की सुबह हाफिज समसुल आरफीन ने ईद की नमाज अदा कराई। उसके बाद एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद दिया और मुल्क के अमन चैन के लिए दुआ मांगी।मुस्लिम महिलाये व छोटे छोटे बच्चो ने भी अपने घर मे ईद की नमाज अदा किया और एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद दिया ईद की नमाज अदा होने के समय संवेदन शील परियावां, मुरस्सापुर,अस्थान मे भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात रही शांति पूर्ण ढंग से ईद की नमाज अदा होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। थाना क्षेत्र के कालाकांकर, आलापुर, बाजिदपुर, बरमौली नटोही मे मुस्लिम भाइयों व बहनों ने मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार ईद की नमाज अदा किया। मुस्लिम भाइयो ने अपने यार दोस्तों को ईद पर सेवई खिलाने का दावत भी दिया।

## ईद मोहब्बत तथा ईमान की मजबूती का पैगामः प्रमोद तिवारी

राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता ने जगह जगह दी ईद की मुबारकबाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ईद के त्यौहार पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विभिन्न ईदगाहों व जलसो मे पहुंचकर लोगों को गले लगाया। उन्होनें ईद पर स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से मुबारकबाद सौंपी।

लालगंज के अझारा तथा खानापट्टी व खालसा सादात ईदगाहों पर जुटे भारी तादात में लोगों के बीच पहुंचे प्रमोद तिवारी ने बच्चों व बुजुर्गो तथा नौजवानों को गले लगाकर उनके जीवन में खुशहाली को लेकर परवर दिगार ए आलम से दुआएं की। उन्होने कहा कि ईद का त्यौहार हमें समाज तथा मुल्क के प्रति जिम्मेदारियों के साथ नेकी का भी पैगाम दिया करता है। ईदगाहों के समीप प्रमोद तिवारी से मिलने के लिए बडे बुजुर्गो के चेहरे पर खुशी चहकी दिखी। कई जगह ईदगाह के बगल लगे मेलों मे सांसद प्रमोद तिवारी ने ईद की खुशी में कई जगह बच्चों को आइसक्रीम भी खिलवाई। इससे बच्चों मे भी सुनहली मुस्कान तैरती दिखी। वहीं ईदगाहों पर मौलानाओं ने भी प्रमोद तिवारी को इत्र लगाकर ईद पर इलाकाई तरक्की के लिए दुआएं दी। श्री तिवारी ने ईद पर हुए इलाकाई जलसो मे बोलते हुए कहा कि ईद मोहब्बत व नेकी के बरक्कत की खुशी का पैगाम है। सांसद प्रमोद तिवारी ने लोगों से कहा कि हमारा ईमान वतनपरस्ती की खूबसूरती है और यही वतनपरस्ती दुनिया भर में हिन्दुस्तान की ईद की खुशी को चार चांद लगाया करती है। इसके अलावा श्री तिवारी क्षेत्र के दीवानगंज, अठेहा, सेमरा, पिंजरी, मसनी, उमरार, कुम्भीआइमा, करीमनपुर, नसीरपुर, रेहुआ लालगंज, राहाटीकर, जलेशरगंज, रामपुर में भी लोगों से मुलाकात कर जश्न ए ईद की खुशी का इजहार करते दिखे। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, दानिश खां, इम्तियाज खां, परवाना प्रतापगढ़ी, हजरत मौलाना रहमानी मियां, वसीम खां, जियाउल, जाहिद, शेरू, आसिफ खां, एबादुर्रहमान, डा. वकील अहमद, निसार अहमद, मो. असलम, नन्हें खां, सौकत अली, खुर्शीद शेख, मो. ईसा, शेर मोहम्मद, मुस्ताक अहमद, आसिफ सिददीकी, निजाम असरद, आजाद, इरशाद, छोटेलाल सरोज, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, त्रिभु तिवारी, रिंकू सिंह परिहार, रघुनाथ सरोज, लल्लन सिंह, अरविंद सिंह आदि रहे।



ईद पर लोगों को मुबारकबाद सौपते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

## होगा बदलाव या फिर बनेगी पुरानी सरकार

### नप चुनाव में समर्थकों के बीच हुई चचाएं तेज

### राजनीति का लगा चस्का तो छोड़ी नौकरी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नप चुनाव में बीजेपी की उम्मीदवार ममता तिवारी आंगनबाड़ी की कार्यकत्री पद पर तैनात थी। लोगो की माने तो वह सुपरवाइजर पद पर पदोन्नति की कतार में भी थी, लेकिन राजनीति का ऐसा चस्का लगा की नप अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने के लिए नौकरी को अलविदा कह दिया।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नप चुनाव में जनता बदलाव करेगी या फिर पुरानी सरकार पर ही अपनी मुहर लगाएगी। कोई बदलाव के मूड में दिखाई दे रहा है तो कोई निवर्तमान अध्यक्ष की पुनः ताजपोशी की तैयारी में दिख रहा है। वहीं चुनाव को लेकर दो सांसदों की साख भी दांव पर लगी हुई है।कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले रामपुर खास में चाहे नगर पंचायत का चुनाव हो या फिर क्षेत्र पंचायत से लेकर जिला पंचायत का,सभी पर कांग्रेस का ही जादू चलता आया है।यहां 1980 से अब तक कांग्रेस के नेता प्रमोद तिवारी का विधायक पद से लेकर सभी स्थानीय चुनाव में लगभग जलवा कायम रहा है। इस बार बीजेपी सांसद संगम लाल गुप्ता जहां अपने प्रत्यासी ओमप्रकाश तिवारी की पत्नी ममता तिवारी को मैदान में उतार कर अपनी साख को दांव पर लगाया है तो वही राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी व विधायिका मोना मिश्रा ने कांग्रेस की निवर्तमान नप अध्यक्ष अनीता द्विवेदी पर पुनः विश्वास जताया है।दोनो दलों के दिग्गज जीत को अपने पाले में करने के लिया बेताब दिखाई दे रहे है। अब देखना है कि कांग्रेस का गढ़ बरकरार रहता है या फिर किसी और की नीव पड़ती है। फिलहाल जनता का मूड कहीं बदलाव का दिखाई दे रहा है तो वही कही पुनः अनीता पर विश्वास जता रहा है। जातीय समीकरण पर मैदान में डटे उम्मीदवारों की वजह से इस बार का चुनाव कुछ अलग ही दिखाई दे रहा है।

### दांव पर लगी दो सांसदों की साख

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

### जय परशुराम के नारों के बीच शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत



शोभायात्रा में शामिल परशुराम सेना के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय परशुराम सेना के नेतृत्व में श्रद्धाभक्ति व बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। कंपनी बाग से आचार्य आलोक ऋषिवंश के साथ विद्वान आचार्य गणों द्वारा विधिवत पूजन आरती मंत्रोच्चार शंखनाद के साथ भगवान परशुराम के चित्र पर फूल मालाओं से साज सज्जा कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

भगवान परशुराम के प्रतीकात्मक स्वरूप में घोड़े पर सवार राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने कार्यक्रम की अगुवाई की। शोभायात्रा में सनातन धर्म ध्वजा व भगवान परशुराम के प्रतीक फरसे के साथ शामिल श्रद्धालुगण के पूरे उत्साह के साथ जय परशुराम भगवान के जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय हो गया श्रद्धालुओं ने रास्ते में जगह जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत कर आयोजन समिति का उत्साहवर्धन किया। गाजे बाजे के साथ सुदामा जागरण एवम झांकी ग्रुप की जीवंत झांकियों नें सब का मन मोह लिया इस अवसर पर लोग भगवान परशुराम के भजनों की मधुर ध्वनि में ध्यान मग्न होकर हाथों में भगवान परशुराम के झंडे लिए डीजे की थाप में थिरकते, गाते आगे बढ़ रहे थे।

शोभायात्रा कंपनी बाग से प्रारंभ होकर श्रीराम चैराहा चैक भंगवा चुंगी होते हुए ट्रेजरी चैराहा हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई इसके उपरांत लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शोभायात्रा में जगह जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय के साथ आयोजन समिति के लोगो ने शोभायात्रा की व्यवस्था का संचालन सफलता पूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी मंडल अध्यक्ष संजय शुक्ल, आशुतोष त्रिपाठी, अभिषेक मिश्र आशू मंडल मीडिया प्रभारी अनूप त्रिपाठी, मंडल संयोजक पंकजमणि त्रिपाठी, जिला महामंत्री अरुण उपाध्याय, मुन्ना मिश्र, विजय मिश्र, विनय त्रिपाठी, मधुकर, मनीष दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, अंकित पाठक दिनकर दुबे अंकित दुबे प्रांशु शुक्ला अनुराग तिवारी, अभिषेक मिश्र, अनुभव शुक्ल, सूर्यनारायण शुक्ल सहित भारी संख्या में भक्तगण व युवा शामिल रहे।

## परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा, पुलिस ने रोका

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** करैला बाजार से कंजा और मंगरौरा के लिए परशुराम जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा पुलिस ने बिना परमिशन की बात कहकर शोभायात्रा रोक दिया। शोभा यात्रा निकाली गई है। पुलिस के रोके जाने पर शोभा यात्रा निकाल रहे लोग आक्रोशित हो गए और धरने पर बैठ गए काफी मशक्कत के बाद जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। पट्टी तहसील क्षेत्र के करैला बाजार प्रीतम पांडे तथा प्रवीण कुमार मिश्रा की अगुवाई में परशुराम जयंती के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए परशुराम की जय के नारे लगाते हुए जैसे ही शोभायात्रा आगे निकली पुलिस ने शोभा यात्रा को यह कहकर रोक दिया कि इसके लिए परमिशन नहीं है। ईद के अवसर पर सांप्रदायिक सद्भावना ना बिगड़े इसके लिए पुलिस ने शोभायात्रा रोके जिस पर सभी लोग भड़क गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे कुछ देर बाद मंगरौरा ब्लॉक प्रमुख के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

## लूट का मोबाइल व नगदी के साथ तीन गिरफ्तार

### मोटरसाइकिल व अवैध तमन्चा, कारतूस बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जेठवारा के उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य व स्वाट टीम प्रतापगढ़ द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान, मुखबिर द्वारा चोरी व लूट करने के उद्देश्य से मोटर साइकिल सवार कुछ व्यक्ति अपने साथियों के साथ गजराही नहर पुलिया के पास खडे होने की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पुहंची तो दो व्यक्ति मौके से भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर फरार हो गये व तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहित यादव पुत्र हरिश्चन्द्र यादव, शेखर जोशी पुत्र रामजी जोशी व चांद जोशी पुत्र राकेश जोशी नि0गण ग्राम बासूपुर पौडिया थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ के पास से एक अवैध तमन्चा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 71/23 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित लूट का मोबाइल व 900 रुपये बरामद किये गये। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि 12 अप्रैल को गजराही जंगल के पास से हम तीनों साथियों ने मिलकर एक व्यक्ति से तमन्चा दिखाकर उसके 8000 रुपये लूट लिये थे। हम लोगों ने लूट के रुपयों को आपस में बांट लिया था जो 900 रुपये बरामद हुए हैं वह उसी लूट के हैं। अपाचे मोटर साइकिल को उसी घटना में प्रयुक्त किया था और 8 अप्रैल को थाना मान्धाता क्षेत्र के एस्सार पेट्रोल पम्प से सेल्समैन से भी लूट किये थे। इस सम्बन्ध में थाना मान्धाता में मु0अ0सं0 66/2023 धारा 394 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। भागे हुए अभियुक्तों के बारे में पूछने पर बताया कि हम पांचो साथी हैं और हम लोग मिलकर चोरी व लूट कर अपना जीवन यापन करते हैं। फरार अभियुक्तों को चिन्हित कर लिया गया है, शीघ्र ही उनकी भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। पल्सर मोटर साइकिल के बारे में बताया कि यह मोटर साइकिल हम लोगों ने थाना क्षेत्र अन्तू के काशीपुर से चोरी की थी। पुलिस टीम में उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य, आरक्षी आनन्द प्रकाश, आरक्षी आशुतोष चैबे, आरक्षी जगजीत सिंह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ व प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 सुनील कुमार यादव, मु0आरक्षी पंकज दूबे, आरक्षी अरविन्द दूबे, आरक्षी राजेन्द कुमार, आरक्षी जागिर सिंह, आरक्षी सत्यम यादव स्वाट टीम प्रतापगढ़ शामिल रहे।

## जमीन कब्जा करने को लेकर हुई फायरिंग, दो दर्जन लोग गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** रानीगंज कोतवाली इलाके के सडौरा गांव में जमीन कब्जा को लेकर जमकर फायरिंग हुई। दो दर्जन से अधिक अंतर्जनपदीय दबंग रायफल बंदूक और पिस्टल लेकर कब्जा करने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस से भी कब्जा करने वाले भिड़ गये जिसे लेकर पुलिस ने बवालियों की जमकर पिटाई की। बता दें कि इसके पहले भी पुलिस दोनों पक्षों का 107/16 में चालान कर चुकी है। लोगों का कहना है कि प्रयागराज और गाजीपुर जनपद से कब्जा करने वाले दबंग बुलाये गये थे। पुलिस ने 24 लोगो को हिरासत में लेकर इनके पास से रायफल पिस्टल और बंदूक बरामद किया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

## मानधाता थाने के मंदिर निर्माण के लिये एसपी ने किया भूमि पूजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर जिले के पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने कोतवाली मांधाता में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जिले के पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल के नेतृत्व में थानों के सौंदर्यीकरण के साथ थाना परिसर में मंदिर का भी निर्माण होने जा रहा है। इस मौके पर पंडित रवि शंकर ओझा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन कराया। श्रद्धा और भक्ति के साथ मंदिर के निर्माण के लिए कप्तान सतपाल अंतिल ने भूमि पूजन किया। इस मौके पर विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, समाजसेवी कुंदन सिंह, भाजपा नेता नवीन सिंह, अरुण सिंह, सुरेश यादव चिकित्सक, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, तेज सिंह सहित क्षेत्र के लोगों के अलावा मांधाता कोतवाली में एडिशनल एसपी पूर्वी विद्यासागर मिश्र एडिशनल एसपी पश्चिमी रोहित मिश्रा रानीगंज सीओ विनय प्रभाकर साहनी, कोतवाली मान्धाता प्रभारी पुष्पराज सिंह,एसएसआई भृगु नाथ मिश्र, एसआई अनुज यादव, एसआई विवेक यादव, एसआई सुधीर पांडेय, एसआई बी एल पाल, एसआई एसआई ब्रम्हदेव यादव, आरक्षी सत्यम सिंह, मुकेश यादव, आनंद यादव मांधाता कोतवाली का पुलिस बल मौजूद रहा।



मंदिर निर्माण के लिये भूमि पूजन करते एसपी सतपाल अंतिल।

## लाइनमैन को धमकाया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लाइनमैन को आरोपी द्वारा तमंचा लहराते जान से मार देने की धमकी को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के भवानीगढ़ शाहबरी निवासी पवन कुमार पाण्डेय पुत्र रामखेलावन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह भैंसना विद्युत उपकेंद्र पर लाइनमैन पद पर तैनात है। शनिवार को दोपहर बारह बजे अपने साथी लाइनमैन सुरेश वर्मा पुत्र रामनयन वर्मा निवासी कल्यानपुर के साथ छोटेगंज बाजार में लाइन ठीक कर रहा था। इस बीच शाहबरी के दरोगा सिंह वहां पहुंचे और तमंचा लहराते लाइनमैन को जानलेवा धमकी दी। लाइनमैन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कामकाज मे बाधा एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

# सभी गौशालाओं में 20 मई तक भूसा संग्रह का कार्य शत प्रतिशत करें पूर्णः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विकास भवन के सभागार में जनपद में गौ आश्रय स्थलों में भूसा संग्रह, गो संरक्षण एवं भरणपोषण हेतु अधिकारियों के साथ समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत उपस्थित रहे।

जनपद में गो संरक्षण से सम्बन्धित आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विकास खण्डों में संचालित गो आश्रय स्थलों की संख्या, संरक्षित गोवंशों की संख्या, भरणपोषण की स्थिति, चारे की उपलब्धता, संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य, सहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्द किये गये गोवंशों की संख्या, गोवंशों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण आदि से सम्बन्धित बिन्दुवार जानकारी सम्बन्धित विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों से प्राप्त करते हुये गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी लालगंज अनुपस्थित पाये गये एवं विकास खण्ड लालगंज में छुट्टा पशु क्षेत्रों में घूमते हुये पाये जाने के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये खण्ड विकास अधिकारी लालगंज को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि गौशालाओं के जितने भी आस-पास के गांव है वहां के ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख एवं सम्बन्धित के साथ बैठक कर लें जिससे यह पता चल सके गोवंशों हेतु एक वर्ष में कितने भूसे संरक्षित किये जाये। गौ संरक्षण केन्द्रों में एक वर्ष का भूसा रखने हेतु समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार भूसा संग्रह हेतु वृहद अभियान चलाया जाये जिससे जनपद के सभी गौशालाओं में 20 मई तक भूसा संग्रह का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम प्रधान अपने स्तर से ग्राम पंचायतों के लोगों से गौशालाओं हेतु भूसा दान करायें।





# कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई ईद की नमाज

## पूरे जिले की पुलिस और प्रशासन रहा मुस्तैद, ड्रोन से हुई निगरानी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज अदा की गई,इस दौरान शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु डीएम सुजीत कुमार एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ जनपद में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए ईद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया। ईद की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे जिले की पुलिस फोर्स सक्रिय रही और पुलिस थाना से लेकर पुलिस चौकी तक पुलिस फोर्स ने ईद की नमाज में खास चौकशी बरती है शांतिपूर्ण तरीके से जिले में ईद की नमाज संपन्न हो गई है नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिले और ईद की बधाई दी है। डीएम एसपी ने नमाजियों से वार्ता कर एवं बच्चों से हाथ मिलाकर ईद की बधाई दी। इस दौरान एएसपी समर बहादुर सिंह एवम एसडीएम प्रखर उत्तम ने जनपद में लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया , एवं ड्यूटीरत अधिकारियों एवम कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने सर्कल क्षेत्र में पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहकर नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया।

### भ्रमण पर रहे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक



**कौशाम्बी।** जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर कानून/शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत निरन्तर भ्रमणशील रहे, ईद के पर्व पर शांति व्यवस्था को लेकर ड्रोन से निगरानी की गई समुचित पुलिस प्रबन्ध व धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित करते हुये नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में अधिकारियों द्वारा सकुशल संपन्न कराया गया इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा शांति एवं सुरक्षा-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर ईद-उल-फितर पर्व की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया व ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।

**एसडीएम सीओ ने किया भ्रमण :** उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा सर्किल क्षेत्र में पुलिस बल के साथ निरंतर भ्रमणशील रहकर ईदउलफितर त्यौहार पर ईदगाह/मस्जिदों पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में ईद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया तथा सभी को ईद की मुबारकबाद दी गई।

**अपर पुलिस अधीक्षक ने किया क्षेत्र भ्रमण :**अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा उपजिलाधिकारी मंझनपुर व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ निरंतर भ्रमणशील रहकर ईद उल फितर त्यौहार पर ईदगाह/मस्जिदों पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था मे ईद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया तथा सभी को ईद की मुबारकबाद दी गई।



### छोटे छोटे बच्चे भी मिले गले

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** ईद के त्योहार पर नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी है इसी क्रम में छोटे-छोटे बच्चे भी ईद के त्योहार पर एक दूसरे बच्चों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी है मंझनपुर कस्बे में भी छोटे-छोटे बच्चों को ईद की मुबारकबाद देते हुए देखा गया है।

## कौशाम्बी की 238 मस्जिदों में सकुशल अदा की गई अलविदा की नमाज

### पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी ने लिया सुरक्षा का जायजा



**कौशाम्बी।** मुस्लिम समुदाय के पवित्र माह रमजान मुबारक का आखरी जुमे की नमाज कौशाम्बी जिले की सभी मस्जिदों में अपने समय से अदा कराई गई। मंझनपुर की शाही जामा मस्जिद में आखरी अलविदा जुमा की नमाज एक बजे अदा हुई। इस पाक माह का अलविदा जुमा होने के कारण बच्चों में काफी उत्साह का देखने को मिला। बच्चे नए नए कपड़े, इत्र खुशबु लगाकर नमाज अदा करने गए। वही नमाजियों ने देश मे अमन चैन की दुआ मांगी।

**डीएम और एसपी भारी फोर्स के साथ भ्रमण करते रहे :** जिले में रमजान के अंतिम जुमे को अकीदत के साथ जिले भर के 238 मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई।अकीदतमंदों ने खुतबे को सुनकर गुनाह से तौबा किया। लोगों को अमन की राह पर चलने की नसीहत दी गई। जहाँ मंझनपुर के जामा मस्जिद में मौलाना कौसर अब्बास रिजवी व करारी के शिया मस्जिद में मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम और नमाजियों ने मुल्क की सलामती, अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज पढ़कर मस्जिद से निकलने के बाद लोगों ने एक दूसरे से मिलकर मुबारकबाद भी दी। माह-ए-रमजान के आखिरी जुमा को अलविदा की नमाज होने के बाद अब लोगों को ईद के चांद का इंतजार है। लोग ईद की तैयारियों में रमजान की शुरूआत से ही लगे हैं। उधर, अलविदा की नमाज के लिए जिले में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही पुलिस और पीएसी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रशासन ने अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए चाक चौबंद इंतजाम कर रखा था। वही डीएम सुजीत कुमार और एसपी बृजेश श्रीवास्तव भारी पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण करके जायजा लेते रहे। रमजानुल मुबारक महीने के बारे में विस्तार से जामा मस्जिद के शाही पेश इमाम कौसर अब्बास रिजवी और सुन्नी जामा मस्जिद के पेश इमाम अकबर मौलाना ने कहा है कि रमजान का महीना बड़े ही रहमतों और बरकतों का महीना होता है। इसमें तीन असरे होते हैं। एक असरा रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा आग से खलासी का जो अभी चल रहा है। इस आखरी असरे में कुरान पाक नाजिल हुआ था। इसलिए यह आखरी असरा काफी अहम और महत्वपूर्ण होता है। इसमें एक रात होती है जो हजार महीनों से बेहतर होती है जिसे हम शब ए कदर कहते है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे यहां हर जगह फोर्स तैनात किया गया है, ताकि हम लोगों को बेहतर सुरक्षा दे सकें। जो हमारे हाईवे हैं व हाईवे स्टेट है इस पर कहीं कोई ट्रैफिक की समस्या न आये। सभी लोग मस्जिद के अंदर ही बैठे हुए हैं और आज अलविदा की नमाज है इसके दृष्टिगत पूरे कौशांबी में जहां-जहां मस्जिदों पर आज नमाज हो रही है, वहां पर व्यापाक सुरक्षा व्यवस्था है, हम लोगों ने पूरी तरह संकल्प ले रखा है की इसको सकुशल और अच्छे तरीके से अलविदा की नमाज कराया जा सके। हमारे यहां आज 238 मस्जिदों मैं अलविदा की नमाज अदा हो रही है इस पर लगभग ढाई हजार फोर्स पीएससी सिविल फोर्स लगे हुए हैं।

## किसी को चुनाव चिन्ह मिला अनार तो किसी को मिली कार

अखंड भारत संदेश

**चायल,कौशाम्बी।** नगर पंचायत व नगर पालिका में प्रत्यासी राजनीतिक झंडा लहराने की पुरजोर कोशिश में जुट गए हैं। शुक्रवार के दिन चुनाव चिन्ह आवंटन हुआ चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्यासी रस्साकसी में जुट गए। सभी वार्डों में कार्यकर्ता व समर्थकों का जत्था बारी-बारी से पहुंच रहा है। इसी बीच अंदरखाने से जानकारी आ रही है कि नगर पंचायत चायल के लोग बड़ी तेजी के साथ चुनाव चिन्ह अनार की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पार्टी सिंबल से चुनाव लड़ रहे प्रत्यासियों को इस बार मुंह की खानी पड़ सकती है। राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से भी प्रचार कराने की तैयारी शुरू कर दी है। रोड शो व भ्रमण कराकर राजनीतिक हवा बदलने के लिए कार्यक्रम मांगे जाने की तैयारी में हैं। इस मामले में सपा के साथ भाजपा के पदाधिकारियों ने तेजी दिखाई है। राजनीति हालत की नब्ज टटोलने के बाद नेताओं को निकाय चुनाव में भी राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की जरूरत आन पड़ी है। नगर पंचायत पर पार्टियों के पदाधिकारियों की निगाह जमाए हुए हैं। नगर पंचायत पर कब्जा करने के लिए हर संभव प्रयास में जुटे हैं। चुनाव प्रचार प्रसार तेज हो चुका है। महिलाओं की टोली भी अब वार्डों में भ्रमण करने लगी है। अपने अपने दल के प्रत्याशियों के लिए महिलाएं प्रचार कर रही हैं। प्रत्यासी पूरी रणनीति के साथ राजनीतिक दल चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। राजनीतिक बिसात पर खूब सोच समझकर गोटिया बिछाई जा रही हैं। एक दूसरे के कार्यकताओं पर भी डोरा डाला जा रहा है।

### चुनाव आचार संहिता का शत-शत हो पालन



बैठक करते उपजिलाधिकारी एवं सीओ

**कौशाम्बी।** नगर निकाय के चुनाव को सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एसडीएम और सीओ ने प्रत्याशियों से मुलाकात की और उन्हें निर्देशित किया कि वह चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन करें उपजिलाधिकारी चायल व क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत नगर पंचायत चायल, चरवा और सराय अकील क्षेत्र में वार्ड सदस्य के प्रत्याशियों के साथ मीटिंग कर,चुनाव आचार संहिता के नियमों शर्तों से अवगत कराया और चुनाव आचार संहिता का अनुपालन करने की नसीहत दी गई।



मंदिर की जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

## ट्रस्ट की भूमि पर भूमाफियों का कब्जा के बाद हो रही अवैध प्लाटिंग!

**कौशाम्बी।** योगी सरकार में भूमाफियाओं के हौसले बुलंद है सैनी ग्रामसभा में श्री शनिदेव महाराज मंदिर न्यास ट्रस्ट की भूमि पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग की जा रही है उपजिलाधिकारी के न्यायालय से स्थगन आदेश पारित होने के बाद भी दबंगों द्वारा कृषि भूमि पर सड़क निर्माण किया जा रहा और सह खातेदार जो उच्च न्यायालय में अधिवक्ता है उनके द्वारा अनैतिक दबाव बनाकर प्लाटिंग की जा रही शिकायत होने पर किसी भी प्रकार की रोक नही लगाई गई प्लाटर ने 5/21 भूमि का फर्जी बैनामा सरकार की आंख में धूल झोकते हुए लाखों रुपए के स्टांप व निबंधन शुल्क की चोरी कर रजिस्ट्री करवा लिया जिसकी शिकायत जब ट्रस्टी द्वारा की गई तो अधिकारियों से साठ गांठ कर आनन फानन सड़क को तोड़ दिया है।

## आधे रास्ते में पुलिस ने रोक दी कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत पुनवार गांव में भागवत कथा के आयोजन के पूर्व भक्तों द्वारा निकाले जा रहे भव्य कलश यात्रा को पुलिस ने आधे रास्ते के बाद रोक दिया है कलश यात्रा में शामिल भक्तों को पुलिस ने वापस करा दिया है जिससे भक्तों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुनवार गांव निवासी गुरु प्रसाद चौरसिया सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा का आयोजन 22 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ करके 30 अप्रैल 2023 को विशाल भंडारे का आयोजन कर रहे थे भागवत कथा के पूर्व दिनांक 22 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को प्रातः लगभग दस बजे भागवत कथा में शामिल भक्तों ने सिर पर कलश रखकर प्रभु का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा में शामिल हुए कुछ दूर कलश यात्रा गई थी कि पुलिस पहुंच गई कलश यात्रा ले कर जैसे ही रोड पर महिला पुरुष भक्त निकले उसी वक्त थाना पश्चिम शरीरा की पुलिस ने पहुँच कर कलश यात्रा रोक दिया थाना पुलिस ने कहा कि कलश यात्रा की परमिशन नहीं ली गयी है जिससे कलश यात्रा नही निकालेंगे पुलिस के कहने के बाद कलश यात्रा को स्थगित किया गया कलश यात्रा को बीच रास्ते में रोक दिए जाने के बाद यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस की रवैया से भक्तों के बीच आक्रोश व्याप्त है हिंदू संगठन के नेताओं ने भी मामले में अलग अलग प्रतिक्रियाएं व्यक्त की है।

## निजी नलकूपों का बकाया विद्युत बिल हो माफ किसानो को मुफ्त मिले बिजली : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने प्रदेश सरकार एवं विद्युत विभाग से किसानो के निजी नलकूपों का बकाया विद्युत बिल माफ करने की मांग की है, साथ ही बकाया विद्युत बिल वाले किसानो को भी मुफ्त बिजली देने की मांग की है। ग्राम घाटमपुर ब्लॉक सिराथू में किसानो से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल से किसानो को मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया गया था, बावजूद इसके पखवारा भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक इस संबंध में प्रदेश सरकार का कोई स्पष्ट आदेश किसानो को प्राप्त नही हुआ जिसके चलते किसानो में उफाफोह की स्थिति बनी है और निजी नलकूप चालक किसान परेशान हैं। आगे कहा कि प्रदेश सरकार जल्द से जल्द इस संबंध में स्पष्ट शासनादेश घोषित करे ताकि किसानो को राहत मिल सके। इसी के साथ अजय सोनी ने ऐसे किसानो को भी मुफ्त बिजली देने की मांग की है, जिनके निजी नलकूपों का विद्युत बिल बकाया है। साथ ही अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से निजी नलकूपों का बकाया बिजली बिल माफ करने की भी मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक कोरोना महामारी के चलते पिछले दो तीन सालों से प्रदेश के किसानो को खेती में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के चलते भी किसानो को नुकसान उठाना पड़ा है जिसके चलते निजी नलकूप चालक किसान बकाया बिजली बिल भर पाने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं और प्रदेश सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार को चाहिए कि निजी नलकूपो का बकाया बिजली बिल माफ करे। अजय सोनी ने बताया कि जल्द ही इस संबंध में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे जिला प्रशासन कौशांबी द्वारा प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन भेजा जाएगा और किसानो के बकाया बिजली बिल को माफ करने एवं बकाया बिजली बिल न जमा कर पाने वाले किसानो को उनके नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली देने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, जय सिंह लोधी, देवराज लोधी, धीरा लोधी, घसीटे सरोज, रामकली आदि लोग मौजूद रहे।

## लाखों की रकम निकल जाने के बाद बूंद-बूंद पानी को तरस रही जनता!

अखंड भारत संदेश

उमरछा ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार पर दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराकर सरकारी रकम रिकवरी कराए जाने की की मांग



**हर्रायपुर कौशांबी।** ग्राम पंचायतों के विकास योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं ग्राम पंचायतों में सरकारी खजाने से रकम निकालने के बाद विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं जो कार्य कराए भी जा रहे है वह इतना मानक के विपरीत है कि वह बनते ही खराब हो रहे हैं जिससे गांव में समस्याएं जस की तस बनी हुई है ताजा मामला मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरछा का है जहाँ पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने मिलकर हैंडपंप मरम्मत हैंडपंप रिबोर इंटर लॉकिंग सड़क स्ट्रीट लाइट सामुदायिक शौचालय मरम्मत एलईडी बल्ब के नाम पर 18 लाख रुपए से अधिक की रकम सरकारी खजाने से निकाल ली है फिर भी गांव में पानी की विकराल समस्या बनी हुई है गांव में अंधेरा कायम है सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कराने के बाद भी आम जनमानस के उपयोग में नहीं आ रहा है उमरछा ग्राम पंचायत में बढ़े भ्रष्टाचार के बाद खंड विकास अधिकारी मूरतगंज ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के कारनामों को संज्ञान लेकर जांच कराकर दोषियों पर मुकदमा नही दर्ज कराया है जिससे खंड विकास अधिकारी मूरतगंज और एडीओ पंचायत मूरतगंज के ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ग्राम पंचायत उमरछा में ब्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराने और दोषियों पर मुकदमा दर्ज करा कर सरकारी रकम रिकवरी कराएं जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक विकासखंड मूलगंज क्षेत्र के उमरछा ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत कार्य वा रिबोर में 3 लाख 35 हजार 790 रुपए सरकारी खजाने से निकाले गए हैं लेकिन फिर भी गांव में पानी की समस्या बनी हुई है भीषण गर्मी में आम जनता पानी के लिए इधर-उधर परेशान है इंटरलॉकिंग सड़क में 3 लाख 65 हजार 700 रुपए निकाले गए हैं लेकिन गांव में सड़कों की स्थिति ठीक नहीं हो सकी है। 85 नग स्ट्रीट लाइट लगाने में 4 लाख 95 हजार रुपए की रकम खजाने से निकालकर गांव में प्रकाश करने की व्यवस्था का प्रयास किया गया लेकिन गांव में प्रकाश की व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी है स्ट्रीट लाइट खरीद में जमकर धांधली की चर्चा हो रही है ऐसी कौन सी ब्रांड की स्ट्रीट लगाई है जो इतनी महंगी है गांव मे तो बल्ब भी खम्बो में नहीं जलते है जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहते है। सामुदायिक शौचालय के मरम्मत में 2 लाख 26 हजार 557 रुपए खजाने से निकाल लिया गया है जबकि इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण अभी कुछ वर्ष पूर्व ही हुआ था फिर से मरम्मत कराए जाने के बाद भी आम जनता के उपयोग में सामुदायिक शौचालय नहीं आ रहा एलईडी बल्ब खरीद के नाम पर 1 लाख 98 हजार रुपए ग्राम पंचायत से खर्च कर दिए गए हैं लेकिन कहीं भी एलईडी बल्ब प्रकाश देता नहीं दिखाई पड़ रहा है पंचायत भवन में सोलर, पैनल, कम्प्यूटर, कैमरा बैटरी में 1 लाख 79 हजार 700 रुपए खर्च किए जाने के बाद भी गांव में ग्रामीणों को जन सुविधाएं नहीं मिल रही है आखिर विकास के नाम पर धांधली कब तक चलती रहेगी ग्रामीणों ने इस और एक बार फिर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराकर गांव में कराए गए कार्यों की जांच कराए जाने और दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराकर सरकारी रकम रिकवरी कराने की मांग की है।

### कारागार राज्य मंत्री एवं कौशाम्बी प्रभारी मंत्री सुरेश राही का दो दिवसीय कौशाम्बी दौरा

**कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश के कारागार राज्य मंत्री एवम कौशाम्बी के प्रभारी मंत्री सुरेश राही रविवार से दो दिवसीय कौशाम्बी दौरे पर आएंगे। प्रभारी मंत्री शनिवार को दोपहर 12:30 मंझनपुर आएंगे। 1:00 कौशाम्बी ओशा आएंगे। भाजपा के जिला अध्यक्ष के लिए कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। भेलखा गाँव मे आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सुरेश राही सम्मिलित होंगे उसके उपरांत 4:00बजे सुरेश राही ओसा के कलस गेस्ट हाउस में एक प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में सम्मिलित होंगे रात्रि विश्राम कौशाम्बी के मॉ शीतला गेस्ट हाउस में कमासिन में करेगे दूसरे दिन 2:00 बजे रोही व बिसरा में भाजपा के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 4:00 गंगा प्रसाद मेमोरियल कालेज कोखराज में प्रबुद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## जरुरत मंदों में वितरित की गई ईद किट

अखंड भारत संदेश



ईद किट वितरित करते टीम के लोग

**करारी कौशाम्बी।** शैख ए मिल्लत मिशन टीम कौशाम्बी की तरफ से शहर काजी मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी रजवी साहब की आज्ञा से गरीबों में ईद किट के नाम से राशन सामग्री वितरण की गई संस्था के सरपरस्त शहर काजी के पुत्र मौलाना मुहम्मद मियां कादरी सिद्दीकी ने कहा की ईद उल फितर के मुबारक मौके पर हम देखते हैं की बहुत सारे गरीब भाई ऐसे हैं जिनके घर गरीबी की वजह से सेवईं और अच्छे खाना नहीं बन पाते हैं और वो हमारे साथ अपनी खुशियां नही बांट पाते किन्तु ऐसे गरीब जरूरत मंद भाइयों के लिए शैख ए मिल्लत मिशन टीम ने 100 फ्री ईद किट वितरण किया और साथ ही साथ छोटे बच्चो के लिए नए जूते चप्पल का भी इंतजाम किया संस्था के अध्यछ हाफिज राहत खान ने कहा की ये काम 27 रमजानुल मुबारक से शुरू किया गया था और आज पूरा हो गया है और हम आगे भी ऐसे ही अच्छे काम समाज के लिए करते रहेंगें संस्था के वरिष्ठ सदस्य मुहम्मद राशिद खान ने बताया की इस किट में 8 सामग्री शामिल है जिसमे मेवे घी और सेवई आदि है उन्होंने बताया की जिस तरह रमजान में रमजान किट बाँट कर गरीबों की मदद की गई थी उसी तरह ईद किट का भी वितरण किया गया है। मौलाना मुहम्मद मियां कादरी बताते हैं की इससे पूर्व भी इस तरह के बहुत से समाजी काम संस्था कर चुकी है जैसे सर्दी के मौसम में एक हजार गरीबों में कपडा वितरण किया गया था फिर टइइर डॉक्टर की निगरानी में मुफ्त इलाज और मुफ्त दवा भी बांटी गई फिर उसके बाद रमजान किट और अब ईद किट भी वितरण की गई है हाफिज राहत ने सारे सदस्यों का शुक्रिया अदा किया और सबके लिए दुवाएं की इस औसर पर हाफिज जहीर हाफिज शाहनवाज मुहम्मद आमिर मुहम्मद नदीम मुहम्मद शोएब आदि मौजूद रहे।

जन संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर हम जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दुनिया के लगभग सभी देश जूझ रहे हैं, क्योंकि हर देश में अब चार चरणों के मौसम का महत्व व सीजन कम होते जा रहा है, क्योंकि चारों मौसमों का अब कोई ठिकाना नहीं रह गया है जो अपनी समायाविधि तक सीमित रहे! अब कोई भी मौसम कभी भी आ जाए भरोसा नहीं है! यही जलवायु परिवर्तन का प्रथम लक्षण है। दूसरा प्राकृतिक आपदाएं विपदाएं भी जलवायु परिवर्तन का ही परिणाम है कि भयंकर बाढ़, आग, हीट वेव, जंगलों में आग, फसलों की कम पैदाइश सहित अनेक कमजोरियां इसका ही विशेष कारण है। वैसे तो हम कई बार जलवायु परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर आर्टिकल, डिबेट, चर्चाएं व वेबीनार करते रहते हैं। परंतु चूंकि अभी संयुक्त राष्ट्र की विश्व मौसम विज्ञान संगठन शाखा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट एनुअल रिपोर्ट 2022, दिनांक 21 अप्रैल 2023 को जारी कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि, वैश्विक स्तरपर बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर डब्लयूएमओ की चिंता लाजिमी है। साथियों बात अगर हम इस रिपोर्ट की करें तो, 21 अप्रैल, 2022 को जारी स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट 2022 रिपोर्ट ने एक बार फिर जलवायु में आते बदलावों को लेकर दुनिया को आगाह किया है। रिपोर्ट के अनुसार जहां 2022 में कई जलवायु रिकॉर्ड बने बिगड़े थे।वहीं साथ ही जलवायु में आते बदलावों का कहर जारी रहा, जो स्पष्ट तौर पर दशार्ता है कि मानव इन बदलावों के आगे कितना बेबस है वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, पहाड़ की चोटियों से लेकर समुद्र की गहराई तक, जलवायु परिवर्तन ने 2022 में अपनी प्रगति बरकरार रखी। सूखा, बाढ़ और गर्मी की लहरों ने हर महाद्वीप पर समुदायों को प्रभावित किया और इनसे निपटने में कई अरब डॉलर खर्च किए गए। अंटार्कटिक समुद्री बर्फ रिकॉर्ड स्तर पर, अपनी सबसे निचली सीमा तक गिर गई और कुछ यूरोपीय ग्लेशियरों का पिघलना तो गिनती से भी बाहर हो गया। इस बारे में रिपोर्ट जारी करने वाले संस्थान ने चेतावनी दी है कि मौसम और जलवायु से जुड़ी घटनाओं ने पारिस्थितिक तंत्र और पर्यावरण को प्रभावित करने के साथ-साथ इंसानों के लिए भी कई मानवीय पैदा किए हैं। डब्ल्यूएमओ के महासचिव ने अपने एक बयान में कहा कि, जबकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि और जलवायु में होता बदलाव जारी है, ऐसे में दुनिया भर में आबादी चरम मौसमी और जलवायु घटनाओं से गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। इस बढ़ते तापमान और बदलती जलवायु में समुद्रों को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। महासागरों में बढ़ती गर्मी और जमा ऊष्मा 2022 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। रिपोर्ट में आगाह किया है कि चूंकि ग्रीनहाउस गैसों द्वारा बढ़ती इस गर्मी का 90 फीसद हिस्सा समुद्रों द्वारा सोख लिया जाता है। ऐसे में यह बढ़ता तापमान समुद्री पारिस्थितिक तंत्र के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है।रिपोर्ट के मुताबिक जहां 2022 में पूर्वी अफ्रीका में लगातार सूखा पड़ा। वहीं पाकिस्तान में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जबकि चीन और यूरोप भी इसके कहर से नहीं बच सके और रिकॉर्ड लू की चपेट में रहे। इससे न केवल करोड़ों लोग प्रभावित हुए, बल्कि साथ ही खाद्य असुरक्षा और बड़े पैमाने पर पलायन भी हुआ। आर्थिक रूप से देखें तो जलवायु के इस कहर ने अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया। यह नई रिपोर्ट एक स्टोरी मैप के साथ है, जो नीति निमार्ताओं के लिए जलवायु परिवर्तन संकेतकों की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान करता है, और जो यह भी दशार्ता है कि कैसे बेहतर तकनीक रिन्यूबल एनेर्जी को अपनाने को सस्ता और पहले से कहीं अधिक सुलभ बनाती है। जलवायु संकेतकों के अलावा, यह रिपोर्ट प्रभावों पर भी केंद्रित है। इस रिपोर्ट के अनुसार, पूरे साल , खतरनाक जलवायु और मौसम संबंधी घटनाओं ने लोगों के विस्थापन को बढ़ावा दिया और साल की शुरूआत में पहले से ही विस्थापन में रह रहे 95 मिलियन लोगों में से कई के लिए स्थिति और खराब हो गई। साथियों बात अगर हम इस रिपोर्ट की 10 बड़ी बातों की करें तो (1) डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में यूरोप में कम से कम 15,700 मौतों के पीछे कारण हीटवेव रहा है।इसके साथ ही कहा गया है कि बाढ़ और गर्मी ने हर महाद्वीप पर समुदायों को प्रभावित किया. इससे निपटने के लिए भरसक प्रयास किए गए, अब अरबों डॉलर खर्च किए जा चुके हैं लेकिन हालात में बहुत बदलाव देखने को नहीं मिला है (2) रिपोर्ट में कहा गया है कि गर्मी में फंसने वाली ग्रीनहाउस गैसों के रिकॉर्ड स्तर ने वैश्विक स्तर पर सूखे, बाढ़ और गर्मी में वृद्धि की है। पिछले आठ वर्षों में वैश्विक औसत तापमान रिकॉर्ड में सबसे अधिक रहा है. साल 2022 में यह 1850-1900 के औसत से 1.15 डिग्री सेल्सियस अधिक था। (3) डब्ल्यूएमओ के महासचिव ने आज एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे ग्रीनहाउस गैस एमिशन में वृद्धि हो रही है, वैसे-वैसे जलवायु में परिवर्तन गति पकड़ रहा है. इससे दुनिया भर की आबादी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। (4) उदाहरण के लिए, 2022 में, पूर्वी अफ्रीका में लगातार सूखा, पाकिस्तान में रिकॉर्ड तोड़ बारिश और चीन और यूरोप में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया. जिससे फसलों की उपज प्रभावित हुई। (5) 2022 में तीन ग्रीनहाउस गैसों - कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड के स्तर में वृद्धि जारी है। (6) द स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट 2022 नाम की यह रिपोर्ट, गर्मी सोखने वाली ग्रीनहाउस गैसों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के कारण भूमि, समुद्र और वातावरण में वैश्विक स्तर के बदलाव को दशार्ती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले आठ वर्षों में वैश्विक औसत तापमान रिकॉर्ड में सबसे अधिक रहा। गौरतलब है 2022 में ग्लेशियरों का पिघलना और समद्र के स्तर में वृद्धि फिर से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। (7) रिपोर्ट के अनुसार, 2021 तक, 2.3 बिलियन लोगों को खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा, जिनमें से 924 मिलियन लोगों को गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा।

# अराजकता का व्याकरण' और आंबेडकर की चेतावनी

डॉ.अजीत रानाडे

**संविधान** सभा में दिए गये आखिरी भाषण के अंतिम भाग में डॉ. आंबेडकर कहते हैं- 'हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली हैं। आजादी पाने के साथ ही हम कुछ भी गलत होने के लिए अंग्रेजों को दोष देने का बहाना खो चुके हैं। यदि इसके बाद कुछ गलतियां हो जाती हैं तो सिवाय खुद के हमारे पास दोष थोपने के लिए कोई नहीं होगा। पिछले हफ्ते डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई। यह दिन आधुनिक और विशाल भारत की खोज और उसके पुनः खोज करने का अवसर था। आंबेडकर का असाधारण जीवन ही उनका संदेश था। समय बीतने के साथ उनके शब्द सच होते जा रहे हैं। संविधान सभा में संविधान के अंतिम मसौदे को अपनाने के समय उन्होंने जो अंतिम उद्बोधन दिया था वह उनके भविष्यसूचक सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाषणों में एक था। भारत के गणतंत्र बनने से ठीक दो महीने पहले 25 नवंबर, 1949 को उन्होंने यह भाषण दिया था। यह एक ऐसा भाषण है जिसे हर स्कूली बच्चे को पढ़ना चाहिए। इसे आम तौर पर'अराजकता का व्याकरण' के भाषण के रूप में भी जाना जाता है। अगर भारत को 15 अगस्त, 1947 को आजादी मिली तो कहा जा सकता है कि हमें 26 जनवरी, 1950 को 'जिम्मेदारी' मिली। स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व राष्ट्रवाद के सिक्के के दो पहलू हैं। संविधान सभा में दिए गये आखिरी भाषण के अंतिम भाग में डॉ. आंबेडकर कहते हैं-'हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली हैं। आजादी पाने के साथ ही हम कुछ भी गलत होने के लिए अंग्रेजों को दोष देने का बहाना खो चुके हैं। यदि इसके बाद कुछ गलतियां हो जाती हैं तो सिवाय खुद के हमारे पास दोष थोपने के लिए कोई नहीं होगा। उसी भाषण में उन्होंने भारत के नवजात लोकतंत्र के लिए तीन शक्तिशाली खतरों का उल्लेख किया था। पहला है राजनीति में नायक पूजा करने या व्यक्तित्व आधारित पंथ बनाने की प्रवृत्ति। उन्होंने कहा-'भारत की राजनीति में भक्ति या जिसे नायक पूजा का मार्ग कहा जा सकता है, वह एक अलग भूमिका निभाता है जिसकी दुनिया के किसी भी अन्य देश की राजनीति में निभाई जाने वाली भूमिका से तुलना नहीं हो सकती। धर्म के संदर्भ में भक्ति आत्मा के उद्धार का मार्ग हो सकता है, लेकिन राजनीति में, भक्ति या नायक-पूजा पतन और अंततः तानाशाही के लिए एक निश्चित मार्ग है।' दूसरा खतरा, जिसके बारे में उन्होंने चेतावनी दी थी, वह बढ़ती सामाजिक और आर्थिक असमानता के साथ राजनीतिक समानता की असंगति थी। उन्होंने सामाजिक लोकतंत्र की वकालत की जिसका अर्थ है 'जीवन का एक तरीका जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को बुनियादी सिद्धांतों के रूप में मान्यता देता है।' उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर बढ़ती असमानता को दूर करने के लिए कुछ नहीं किया गया तो जो लोग वंचित और उत्पीड़ित हैं, वे लोकतंत्र की इस शानदार इमारत को उड़ा देंगे, जिसे लोकतंत्र के संस्थापकों ने इतनी मेहनत से बनाया था। नक्सली हिंसा की पहली घटना से लगभग बीस साल पहले उन्होंने यह चेतावनी दी थी। सरकार को इसे न केवल कानून-व्यवस्था की समस्या के रूप में बल्कि न्यायसंगत सामाजिक-आर्थिक विकास की कमी के रूप में भी मान्यता देने में दो दशक लग गए। तीसरा खतरा, जिसके बारे में डॉ. आंबेडकर ने बात की थी, वह संवैधानिक तरीकों की पवित्रता की रक्षा करने की आवश्यकता की थी। हमें सविनय अवज्ञा, असहयोग और सत्याग्रह के तरीकों को छोड़ देना चाहिए। यह कानून तथा व्यवस्था की अस्वीकृति के अलावा और कुछ नहीं है। हो सकता है कि उन्होंने मॉब लिंचिंग और त्वरित न्याय जैसे संविधानेतर तरीकों को भी जोड़ा हो। ये



सरकार को इसे न केवल कानून-व्यवस्था की समस्या के रूप में बल्कि न्यायसंगत सामाजिक-आर्थिक विकास की कमी के रूप में भी मान्यता देने में दो दशक लग गए। तीसरा खतरा, जिसके बारे में डॉ. आंबेडकर ने बात की थी, वह संवैधानिक तरीकों की पवित्रता की रक्षा करने की आवश्यकता की थी। हमें सविनय अवज्ञा, असहयोग और सत्याग्रह के तरीकों को छोड़ देना चाहिए। यह कानून तथा व्यवस्था की अस्वीकृति के अलावा और कुछ नहीं है। हो सकता है कि उन्होंने मॉब लिंचिंग और त्वरित न्याय जैसे संविधानेतर तरीकों को भी जोड़ा हो

विधियां 'अराजकता का व्याकरण' के अलावा कुछ भी नहीं हैं। यदि लोग इन न्यायेतर हिंसक तरीकों को अपनाते हैं तो यह न केवल संविधान की ही नहीं बल्कि सरकार की भी विफलता होगी। संविधान के कार्यान्वयन के लिए शासन के अंगों अर्थात न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के समन्वय की आवश्यकता होती है। फिर भी, यह लोगों और राजनीतिक दलों पर निर्भर करेगा कि ये तीनों अंग कैसे काम करेंगे। चार साल पहले 6 दिसंबर, 2019 को डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि के दिन हैदराबाद में एक 26 वर्षीय पशु चिकित्सक के साथ सामूहिक बलात्कार तथा हत्या की वारदात हुई और इस जघन्य कांड के आरोपी चार लोगों की न्यायेतर हत्या हुई थी। मुठभेड़ में हुई हत्याओं पर केंद्रीय मंत्रियों, विपक्ष के नेताओं, मशहूर हस्तियों और यहां तक कि खेल सितारों सहित देश भर में कई लोगों ने खुशी जाहिर की थी। पीड़िता के साथ 'न्याय' करने के लिए पुलिस पर प्रशंसा के फूल बरसाए गए। कृतज्ञ राष्ट्र की नजर में वे पुलिसकर्मी तत्काल नायक बन गए। प्रकट रूप में पुलिस ने कहा था कि, उसने आत्मरक्षा में गोली चलाई। जनता की उत्साह भरी प्रतिक्रिया और तत्काल न्याय की यह इच्छा कानून और न्यायपालिका की प्रक्रिया में विश्वास के पूर्ण नुकसान की ओर इशारा करती है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वीएस सिरपुरकर के नेतृत्व में गठित आयोग ने तीन साल बाद पाया कि मुठभेड़ फर्जी थी। आयोग ने कहा कि पुलिस का यह दावा कि उसने आत्मरक्षा में गोली चलाई, 'विचित्र' और 'अविश्वसनीय' है। आयोग ने यह भी पाया कि पुलिस ने एक तथ्य यह भी छिपाया था कि मारे गए लोगों में से दो लोग उनकी गिरफ्तारी और मौत के समय किशोर थे।

हैदराबाद में हुई यह मुठभेड़ निश्चित रूप से हमारे देश में फर्जी मुठभेड़ों में से पहली या आखिरी नहीं है। क्या जनता सहित पुलिस का उन संवैधानिक तरीकों पर से विश्वास उठ रहा है जिनका डॉ. आंबेडकर ने इतनी गंभीरता से समर्थन किया था? अगर वे आज जीवित होते तो ऐसी घटनाओं पर क्या कहते?

# जनता की अदालत से फैसला आना बाकी



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में मानहानि के मुकदमे में सूरत की निचली अदालत ने दो साल की सजा 23 मार्च को सुनाई थी। मानहानि मामले में सबसे अधिक सजा मिलने का यह दुर्लभ उदाहरण देश ने देखा। देश तब भी हैरत में पड़ गया, जब अदालत से सजा मिलने के अगले ही दिन राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी निलंबित कर दी गई और दोषी ठहराए जाने के कारण वे 6 सालों के चुनाव लड़ने से भी अयोग्य हो गए। खैर राहुल गांधी ने इस फैसले पर रोक लगाने को लेकर सेशंस कोर्ट में अर्जी लगाई थी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर पी मोगेरा की अदालत ने पिछले गुरुवार को राहुल गांधी की अर्जी पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। और 20 तारीख को जब फैसला सुनाया गया तो उसमें इस अर्जी को खारिज कर दिया गया। यानी राहुल गांधी को फिलहाल कोई राहत नहीं है। प्रसंगवश बता दें कि जज मोगेरा गुजरात के नामी-गिरामी वकील रह चुके हैं। 2006 के तुलसीराम प्रजापति फर्जी मुठभेड़ मामले में उन्होंने अमित शाह की पैरवी की थी। 2017 में गुजरात हाईकोर्ट की ओर से जारी एक नोटिफिकेशन के मुताबिक उनका चयन जिला जज के लिए किया गया था। वकीलों के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत कोटा के तहत उनका चयन हुआ था। न्यायाधीश मोगेरा की अदालत से राहुल गांधी की अपील खारिज हो गई और अब कांग्रेस तमाम कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। संभवतः अब राहुल गांधी उच्च न्यायालय का रुख करें और अगर वहां भी उन्हें राहत न मिले तो सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया जाएगा। यानी राहुल गांधी अपने लिए इंसाफ की लड़ाई जारी रखेंगे, यह तय है। वैसे भी राहुल गांधी की राजनीति कवि कुंवरनारायण की इन पंक्तियों की तरह ही है कि-

**कोई फर्क नहीं**
**सब कुछ जीत लेने में**
**और अंत तक हिम्मत न हारने में।**

राहुल गांधी आखिर तक हिम्मत न हारने वाले इंसान ही हैं और उनके पास अब खोने के लिए भी कुछ नहीं है। अलबत्ता पाने के लिए बहुत कुछ है।

और अब कांग्रेस को उसी रणनीति के तहत काम करना होगा। उच्चतम अदालत तक जाने के विकल्प तो मौजूद हैं ही, लेकिन कांग्रेस को असली जीत तो जनता की अदालत में ही मिलेगी। वहां से उसे सत्ता का आदेश हासिल करना होगा अन्यथा ऐसी कानूनी लड़ाइयों की राजनैतिक उपयोगिता नहीं रह जाएगी। यह माना गया था कि अगर सूरत सेशंस कोर्ट के फैसले में दोषी ठहराये जाने और सजा सुनाये जाने पर रोक लग जाती तो राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल हो सकती थी। लेकिन कहीं न कहीं सब ये भी मान रहे थे कि ऐसा शायद ही हो। निचली अदालत में भी राहुल गांधी को सीधे 2 साल की सजा मानहानि के लिए सुनाई गई, जबकि अब तक मामूली दंड या जुमार्ने के उदाहरण ही सामने आए हैं। जब दो साल की सजा सुनाई जा सकती है, तो उसे इतनी जल्दी खारिज कर दिया जाएगा, इसकी उम्मीद कम ही थी और ऐसा ही हुआ भी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक सवाल इस फैसले के संदर्भ में उठाया है। श्री थरूर ने ट्वीट में लिखा- सूरत कोर्ट का कहना है कि राहुल गांधी सजा पर रोक लगाने के लिए कोई असाधारण परिस्थिति नहीं दिखा पाए हैं। क्या यह आपराधिक मानहानि के लिए दो साल की सजा पाने के लिए पर्याप्त असाधारण नहीं है? संसद से अयोग्य होने के लिए बस इतना समय काफी है? उनके इस ट्वीट के राजनैतिक निहितार्थ समझे जा सकते हैं। वैसे राहुल गांधी की सजा रद्द करने की अपील खारिज होते ही जिस तरह की टिप्पणियां भाजपा नेताओं की ओर से आई हैं, वे इस फैसले के राजनैतिक संदर्भों को खोल कर रख देती हैं। कुछ भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी ने ओबीसी का मजाक उड़ाया था। उन्हें अब माफी मांग लेना चाहिए।

आश्चर्य है कि राहुल गांधी ने देश का धन चुरा कर बाहर भागे लोगों का जिक्र किया, लेकिन भाजपा को इसमें सिर्फ ओबीसी का अपमान दिखा, चोरों और भगोड़ों की ओर से भाजपा ने आंखें मूंद लीं। भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने कहा, ओबीसी समुदाय का अपमान करने के बावजूद, उन सभी को 'चोर' कहने के बावजूद, राहुल शर्मनाक रूप से उद्दंड बने हुए हैं ... इससे उनके अहंकारी रवैये का पता चलता है।

जबकि राहुल गांधी ने तो कोलार से जातिगत जनगणना और आरक्षण की सीमा को हटाने की मांग की है, वे पिछड़ों के हक की मांग मोदी सरकार से कर रहे हैं। क्या ओबीसी के हक की बात करना उद्दंडता मानी जाए। भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता संबित पात्रा ने तो अदालत के फैसले को गांधी परिवार पर तमाचा ही बता दिया और कहा कि गांधी परिवार को लगता है कि वे बचकर निकल जाएंगे, वो नहीं हो पाया। अदालत के फैसले से पता चलता है कि कानून सबके लिए बराबर है। इस टिप्पणी में जिस तरह श्री पात्रा ने राहुल गांधी की जगह समूचे गांधी परिवार को लिया है, उससे पता चलता है कि वे एक प्रकरण के बहाने सभी को निशाने पर लेना चाहते हैं। अदालत का फैसला राहुल गांधी के खिलाफ आया और सेशंस कोर्ट में अपील भी राहुल गांधी ने ही की। इसमें पूरा गांधी परिवार शामिल नहीं है, फिर सब पर टिप्पणी करने का अर्थ तो यही है कि कर्नाटक चुनाव से पहले भाजपा गांधी परिवार को निशाने पर लेना चाहती है। राहुल गांधी और गांधी परिवार, सभी कानून का सम्मान करते हैं, इस बात का पता इसी से चलता है कि वे नियमानुसार अपील कर रहे हैं और जो फैसला आ रहा है, उसे स्वीकार करते हुए अन्य कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं।

लेकिन भाजपा इससे भी परेशान दिखाई दे रही है। क्योंकि कहीं न कहीं भाजपा भी ये जानती है कि न्यायिक अदालत में तो केवल राहुल गांधी पहुंचे हैं, बाकी कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला तो जनता की अदालत में है, जहां जनादेश को स्वीकार करना ही होगा। वहां किसका घमंड टूटता है और किसे उद्दंडता का दंड मिलता है, किसके अरमानों पर तमाचा पड़ता है और किसे सत्ता संभालने का आदेश मिलता है, इसके जवाब भी आने वाले वक्त में मिल ही जाएंगे।

# असफलता से निराश ना हो, प्रयास दुगना करने से सफलता कदम चूमेगी

संजीव ठाकुर

**असफलता** को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है और असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

**दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,**
**लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।**

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है।

आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी।

# उड़ने का पहला शौक

डॉ. सुरेश

**वह** हमारी पहली हवाई यात्रा थी। कभी हम टिकट पर सिर झुकाए हमारी खातिरदारी के लिए उतावले महाराज को देखते थे, तो कभी वो हमें देखता था। अंदर की बात तो यह है कि न मैं उसे देखता था न वह मुझे, बल्कि दुनिया को दिखाना चाहता था कि मैं हवाई यात्रा करने जा रहा हूँ। इससे गजब रौब जमता है। ऐसा करने से गर्दन समकोण में और हम अहंकोण में पहुँचकर घमंडी होने का परमसुख प्राप्त कर सकते हैं। वैसे भी जो दिखावा न कर सके उसे हवाई यात्रा करने का अधिकार नहीं होना चाहिए। ऐसे लोगों की हवाई यात्रा पर बैन लगा देना चाहिए। अथवा अनागरिक घोषित कर भारी-भरकम जुमार्ना ठोक देना चाहिए। इस मामले में मेरा कोई सानी नहीं है। मैं दिखावे के सिवाय कुछ करता ही नहीं। पानी का गिलास भी होंठों से यूँ स्पर्श कराता हूँ जैसे मेरे होठों के स्पर्श से स्टील का गिलास टूट न जाए। बार-बार चश्मे की दंडी को इस तरह से हिलाता हूँ जिससे कि लोगों को पता चल जाए कि मैं बहुत बड़ा विद्वान हूँ। हवाई अड्डा तो क्या मैं शौचालय जाने तक के लिए अंग्रेजी समाचार पत्र का इस्तेमाल करता हूँ। इससे स्टेटस बढ़ता है। लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। हाथ में हिंदी समाचार पत्र हो तो समझो गए काम से। आवारा, गंवार और फिसड्डी कहलाने में देर नहीं लगती। हवाई अड्डा पहुँचते ही मन आत्मियाना (सेल्फियाना) हो उठा। झट से पॉकेट में से कटे सेब के ब्रांड वाला मोबाइल निकाला और कैमरे की फ्लैश लाइट से चौंधियाने और खिचिक-खिचिक की आवाज से खिचखिचाने तक फोटो उतरते रहे। सूरत कैमरे के लायक है या नहीं, यह मैं ठीक-ठीक नहीं बता सकता लेकिन इतना विश्वास के साथ अवश्य बता सकता हूँ कि कैमरा के फिल्टर मेरी सूरत के लिए ही बने थे। एक से बढ़कर एक तस्वीरें आयीं। इतनी बढ़िया तस्वीरें देखकर किसका मन नहीं ललचाएगा। मैं अतिम सांस गिन रहे पिता के मुख में तुलसी जल डालने में देरी कर सकता हूँ लेकिन सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करने में कतई नहीं। स्टेटस का सवाल भी तो कुछ होता है। हवाई अड्डे जैसे स्थानों पर शरीर में डीप फ्रीजर जैसी कड़ाके की जकड़न और अकड़न होनी चाहिए।

सबकी नजर हम पर और हमारी नजरे रेबन के काले-काले गॉगल्स के भीतर से मंद-मंद मुस्कुराते हुए फूले नहीं समाता है। हाँ इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि हवाई अड्डे पर अपनी जान-पहचान वाला कोई मिल जाए तो अपने अहंकार ग्राफ को कभी नीचे न आने दें। प्राण जाए पर अहंकार न जाए।

## न्यूज झरोखा

### एआरटीओ के नाम पर पप्पू कर रहा अवैध वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एआरटीओ प्रवर्तन के नाम पर पप्पू नामक युवक जमकर वसूली कर रहा है। चार जिलों के वाहनों से 35 सौ रुपये से लेकर साढे सात हजार रुपये प्रति वाहन वसूली चल रही है। इस संबंध में एआरटीओ प्रवर्तन ने कहा कि जो व्यक्ति वसूली करता है, उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करें।

एआरटीओ के नाम पर इंट्री शुल्क के नाम अवैध वसूली का ये खुलासा शनिवार को हुआ। बताया गया कि एआरटीओ प्रवर्तन के नाम पर इंट्री शुल्क कौशाम्बी, इलाहाबाद, चित्रकूट, बांदा के यहां से गुजरने वाले मोरम, गिट्टी, बालू लदे ट्रकों से चकों के हिसाब से वसूली की जा रही है। ये वसूली 35 सौ रुपये से लेकर साढे सात हजार रुपये तक हो रही है। वसूली का ये सिलसिला लम्बे समय से चल रहा है।

एआरटीओ के नाम पर ये वसूली पप्पू नाम का व्यक्ति कर रहा है। ये व्यक्ति अक्सर एआरटीओ कार्यालय के इर्द-गिर्द देखा जा सकता है। अवैध वसूली से वाहन मालिक खासे परेशान हैं। इस बाबत एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला ने बताया कि उनके नाम पर जो वसूली कर रहा है, उसके खिलाफ लोग पुलिस में शिकायत करें।

जायजा लेते एडीएम व एसपी आदि।

### ईद पर्व पर चौकस रही पुलिस व्यवस्था, एडीएम व एएसपी ने लिया जायजा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने ईद पर्व पर शहर में भ्रमण कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

शनिवार को ईद उल फितर पर्व के मद्देनजर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्र व पुलिस बल के साथ कर्वी शहर में ईदगाह एवं विभिन्न मस्जिदों तथा शहर में भ्रमणकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी में लगे पुलिस बल की जांचकर सतर्कता से ड्यूटी प्वाइंट पर मौजूद रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण दौरान कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### 20 लीटर महुआ शराब में एक दबोचा, तीन वारंटी गिरफ्तार




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने जोगी उर्फ भुख्खड़ पुत्र श्यामलाल निवासी पनौटी के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही अमित सिंह, महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रहे।

इसी क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द पाण्डेय की टीम ने वारंटी अरुण द्विवेदी पुत्र रामचन्द्र द्विवेदी निवासी मानिकपुर को दबोचा है। टीम में दरोगा अरविन्द पाण्डेय व दीवान गोविन्दाचार्य मिश्र शामिल रहे।

इसी क्रम में राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा काशीनाथ की टीम ने वारंटी राजा बेटी पत्नी स्व रामकुमार व वारंटी कुसल यादव पुत्र रामकुमार निवासी सोतीपुरवा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा काशीनाथ व महिला सिपाही नीतू नायक शामिल रहे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद, अधिकारियों की टीम ने समारोह स्थल का किया दौरा

**करनाल। राष्ट्रप**ति को करनाल लाने वाले भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर की भी सेफ लैंडिंग का किया गया ट्रायल।

करनाल सुभाष चंद उपायुक्त करनाल अनीश यादव और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के नेतृत्व में जिला के अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) का दौरा किया और आगामी 24 अप्रैल को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा किया। निरीक्षण के दौरान एडवांस सिक्योरिटी लायसन (एएसएल) टीम भी मौके पर उपस्थित रही। इस दौरान राष्ट्रपति को करनाल लाने वाले भारतीय वायु सेना के हैलीकॉप्टर की भी सेफ लैंडिंग का ट्रायल किया गया।

बता दें कि महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 24 अप्रैल को प्रातः लगभग साढ़े 10 बजे राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगी और संस्थान से डेरी इंजीनियरिंग कर चुके छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त अनीश यादव और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी ड्यूटी में कौताही ना बरतें और अपना शत-प्रतिशत इनपुट देकर सभी तैयारियां समय रहते मुक्कमल करें। इस मौके पर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को हैलीपैड स्थल पर मौजूद वृक्षों की ट्रीमिंग करने के भी आदेश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हैलीपैड व कार्यक्रम स्थल पर्याप्त संख्या में एम्बुलैंस की तैनाती तथा कल्पना चावला राजकीय मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखने के लिए कहा गया तथा अग्रिशमन वाहनों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम से सम्बंधित किए जाने वाले सभी प्रबन्धों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और सम्बधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध मनदीप कुमार, एसडीएम इंद्री राजेश पुनिया, शुगर मिल की एमडी डॉ. पूजा भारती, नगराधीश अमन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. योगेश कुमार, एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह सहित सभी सम्बधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण सुरक्षा को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरी: सर्वेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वर्ल्ड अर्थ डे विश्व पृथ्वी दिवस पर हर साल 22 अप्रैल को प्रकृति को भविष्य के लिये धरती को स्वस्थ्य बनाने के महत्व पर जागरुकता लाने को गोष्ठी हुई।

शनिवार को सामाजिक पर्यावरण चिन्तक/युवा वृक्ष मित्र सर्वेश यादव ने बताया कि एक दिन हम धरती के लिए सोचें, दिन और रात दोनों इसी लिये होते हैं कि धरती घूम रही है। शरीर भी इस धरती से आया अंश है। जो इंसान ये भूल गये हैं कि वे अस्थाई रूप से इस धरती के गर्भ से निकले हैं और एक दिन उन्हें इस धरती में समा जाना है, उनके लिये ये दिन महत्वपूर्ण है। मानवता को लम्बे समय तक कायम रखना है तो धरती की तरह सोचना और काम करना होगा। मानवता के इतिहास में धरती को बचाने की बात करनी पड़ रही है। जिसने इंसान की हजारों पीढियों से पोषित किया है। उनके बारे में किसी ने कभी नहीं सोचा कि एक ऐसा दिन आयेगा, जब हमें धरती का ख्याल रखना



पड़ेगा। आज विकास और अर्थव्यवस्था की सोच इस हकीकत से दूर ले गई है। अगली पीढी समृद्ध जीवन जिये तो साफ हवा, शुद्ध जल और पोषक भोजन इन सब चीजों के सम्भव होने से मिट्टी में ताकत होनी चाहिए। प्लास्टिक के प्रयोग से बचें और दोबारा इस्तेमाल होने योग्य थैलियों का उपयोग करें। पर्यावरण सुरक्षा को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरी है। ऊपरी मिट्टी की 12-15 इंच की परत इस धरती पर सत्तासी फीसदी जीवन का आधार है। जिसमें हम भी शामिल हैं। पेड़-पौधे, जानवर, पक्षी, कीड़े और कीट, ये सभी ऊपरी मिट्टी की समृद्धता पर पनपते हैं, लेकिन पिछले 50 सालों में मिट्टी जिस स्तर तक खराब हुई है, वह चिंताजनक है। आर्गेनिक खेती कोई नई चीज नही है। दशकों पुराने उस वक्त में लौटने से है, जब खेती हानिकारक रसायनों या कीटनाशकों के बिना होती थी। इस अर्थ डे पर ज्यादा पेड़ लगाने और आर्गेनिक खेती को चुनने को लोगों का हौसला बढ़ाना होगा।

# संस्कार भारती ने मनाया भू-अलंकरण दिवस

## 15 मूकबधिर छात्र-छात्राओं ने बनाई रंगोली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व पृथ्वी दिवस को संपूर्ण देश में संस्कार भारती ने भू-अलंकरण दिवस के रूप में मनाया। संस्कार भारती की केंद्रीय समिति ने विशेष रंगोली की थीम से रंगोली बनाकर पृथ्वी माता का श्रृंगार किया। शनिवार को संस्कार भारती जिला इकाई जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय परिसर में दिव्यांग विद्यार्थियों ने भू-अलंकरण दिवस पर केंद्रीय समिति की भेजी रंगोली के आधार पर आकर्षक रंगोली बनाई। संस्कार भारती की भू-अलंकरण विधा प्रमुख डॉ संध्या पांडे ललित कला विभाग ने दिव्यांग विद्यार्थियों से आकर्षक रंगों से मां पृथ्वी का अलंकरण एवं पूजन किया। इस मौके पर संस्कार




भारती जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ गोपाल मिश्र ने कहा कि भू-अलंकरण दिवस मां वसुंधरा के मानव पर उपकार तथा पृथ्वी माता के संरक्षण व संवर्धन की प्रेरणा देता है। इस मौके पर संकल्प लें कि माता पृथ्वी एवं उनके संसाधनों का अनावश्यक दोहन नहीं करेंगे। पर्यावरण को संरक्षित कर पृथ्वी माता के अस्तित्व को बचाएंगे, ताकि जगत के प्राणी इस प्राकृतिक संपदा से लाभान्वित हो सकें। अधिष्ठाता मानविकी संकाय डॉ विनोद कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों की बनाई रंगोली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। ललित कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय ने विश्व के लोगों को बधाई दी। कहा कि पृथ्वी के संरक्षण को प्राण-प्रण से समर्पित होने का संकल्प लें। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ हरिकांत मिश्र, संस्कार भारती जिला इकाई के सचिव डॉ रजनीश कुमार सिंह, गीता मिश्रा के साथ ही गणमान्य लोग मौजूद रहे। यह रंगोली 25 दिव्यांग कलाकारों की टीम ने बनाई थी। जिसमें मूकबधिर 15 छात्र-छात्रायें शामिल रहीं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव रमापति मिश्र ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए संस्कार भारती के प्रयास को सराहा।

# नगर पालिका से सपा ने जागेश्वर पर लगाया दाव

## सपा जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में घोषित किये प्रत्याशी






**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में दूसरे चरण में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर सपा ने अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किये हैं। कर्वी नगर पालिका सीट से अध्यक्ष पद के लिए सपा ने जमीनी कार्यकर्ता जागेश्वर प्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाया है। जिले के राजापुर, मानिकपुर व मऊ नगर पंचायत सीट से भी अध्यक्ष पद के लिए कार्यकताओं को महत्व दिया है।

शनिवार को सपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की मंजूरी मिलने के बाद जिले की एक मात्र नगर पालिका कर्वी व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की सूची जारी की है।

कर्वी नगर पालिका से अध्यक्ष पद के लिए जागेश्वर प्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाया है। नगर पंचायत राजापुर से प्रिंस केशरवानी, मानिकपुर से मंझली सोनकर व नवसृजित नगर पंचायत मऊ से सचिन रस्तोगी को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि इस बार निकाय चुनाव में पार्टी ने जिताऊ और टिकाऊ कार्यकताओं पर दाव लगाया है। दावा किया कि पूरे प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर चल रही है। इसका पूरा फायदा सपा को मिलेगा। सपा रिकार्ड मतों से अपना परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में पहले भी दो बार सपा जीत दर्ज करा चुकी है। पार्टी के चुनाव चिन्ह से चुनाव जीतने वाले नरेन्द्र गुप्ता भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी ने मौजूदा निकाय चुनाव में जिताऊ के साथ टिकाऊ प्रत्याशियों को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान व पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी निकाय चुनाव में जमीनी कार्यकताओं को मौका देकर कार्यकताओं का उत्साह बढाया है। पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता भारी बहुमत से जिताकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करेंगे। 2023 में हो रहे निकाय चुनाव को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। सपा पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। इस मौके पर सपा नेता नरेन्द्र यादव, प्रवक्ता सुभाष पटेल, विद्यासागर यादव, उमाकान्त यादव आदि मौजूद रहे।

# मुल्क की खुशहाली की सबने मांगी दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश में समानता, भाईचारा व खुशहाली तथा साझी संस्कृति का संदेश ईद में दिया गया। मौलानाओं ने साम्प्रदायिक सदभाव बढ़ाने पर बल दिया। नमाज अदा करने के बाद हिन्दु मुस्लिम भाईयों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। अधिकारी व नेताओं ने इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने को कहा।

शनिवार को सवेरे शहर के ईदगाह मैदान में मुल्क की सलामती की दुआ मांगी गई। सभी ने रमजान माह को विदा कर सत्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सवेरे से नये कपड़े पहनकर मुस्लिम भाईयों ने उत्साह से विभिन्न मस्जिदों में पहुंचकर नमाज पढ़ी। जकात अदा कर



सबकी खुशहाली की दुआ मांगी। ईद की नमाज के बाद पूर्व सांसद भैंरो प्रसाद मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, मो गुलाब खां, मो सलीम आदि लोगों ने मुस्लिम भाइयों को ईद की गले मिलकर बधाई दी। बधाई के दौर के बाद सबका मुंह मीठा कराया गया। घर-घर में सेंवई बनाई गई।

मानिकपुर, मऊ, बरगढ, पहाड़ी, राजापुर प्रतिनिधि के अनुसार ईदगाह मैदान में ईद की नमाज हुई। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले लगकर बधाई दी। मानिकपुर पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद द्विवेदी, अली हुसैन, रईस अहमद, ताजुद्दीन, इश्तियाक अहमद, युनूस निषाद जमील व राजू मौजूद रहे।

### दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**नगीना। पुलिस** अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा अपराधियों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सुभाष पुत्र रामशरन निवासी ग्राम नगला कोपा थाना शेरकोट ने नगीना थाने पहुंचकर 9 अप्रैल को उसके पुत्र सत्यम शर्मा द्वारा ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उसके पुत्र को आत्महत्या के लिये रजत पुत्र धूम सिंह, मुस्तफा पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम नगला कोपा थाना शेरकोट व एक अन्य द्वारा उकसाया गया था। पीड़ित दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 306 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तभी से उपरोक्त दोनों आरोपी वांछित चले आ रहे थे।

मंगलवार की देर शाम को एसआई रवि कुमार, लोकेश कुमार शर्मा, राजेश, कृष्ण कुमार ने मुखबिर की सूचना पर घटना में नामित / वांछित रजत पुत्र धूम सिंह, मुस्तफा पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम नगला कोपा थाना शेरकोट को नगीना बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही अपचारी बाइक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

### लक्ष्मण गुप्ता का कार्यकर्ताओ व समर्थको ने गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

**बलिया। समाज**वादी पार्टी की तरफ से अध्यक्ष नगर पालिका परिषद का उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार बलिया आने पर लक्ष्मण गुप्ता का कार्यकर्ताओ व समर्थको ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। लखनऊ छपरा एक्सप्रेस जैसे ही बलिया रेलवे स्टेशन पर पहुंची उत्साहित समर्थको ने अखिलेश यादव जिंदाबाद, लक्ष्मण गुप्ता जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाने शुरू कर दिये।

कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर लक्ष्मण गुप्ता का स्वागत किया। समर्थको संग लक्ष्मण गुप्ता स्टेशन से चौक होते हुए गुदरी बाजार पहुंच कर मां दुर्गा के मंदिर में माथा टेक कर जीत का आशीर्वाद मांगा। लक्ष्मण गुप्ता ने सामने जो भी बुजुर्ग मिले उनके पैरों में झुक कर नमन कर जीत का आशीर्वाद भी मांगा।गुदरी बाजार से यह जुलुस चमन सिंह बाग रोड, लोहापट्टी, सिनेमा रोड होते हुए महावीर गढ़ी मंदिर पहुंचा। श्री गुप्ता ने यहां श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की। यहाँ बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में पूजा कर भोलेनाथ से जीत का आशीर्वाद मांगा। यहाँ से मां दुर्गा के मंदिर में माथा टेका। इसके बाद यह जुलुस भृगु मंदिर पहुंचा, जहां श्री गुप्त ने पूजा अर्चना की। श्री गुप्त ने यहां से संत गणिनाथ मंदिर पहुंच कर व्यापारियों के कुल देवता की तरह पूज्य,की पूजा अर्चना की और विजयी होने का आशीर्वाद मांगा।यहां से यह जुलुस जाप्लिनगंज स्थित श्री लक्ष्मण गुप्त के कैंप कार्यालय पहुंचा और एक सभा में तब्दील हो गया। सभा को सम्बोधित करते हुए गिरिजेश गुप्ता एडवोकेट ने व्यापारी समाज को आगाह किया किया कि लक्ष्मण गुप्ता को जीत न मिले इसके लिये विरोधी तरह तरह के हथकंडे अपनायेगे। यही नहीं स्वजातीय उम्मीदवार उतारकर आपको भटकाने की कोशिश करेंगे। लेकिन हमें विरोधियों के किसी भी साजिश में नही आना है और तब तक आराम नही करना है जबतक लक्ष्मण गुप्ता चेयरमैन की कुर्सी पर न बैठ जाये। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि मै राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्त्ता को टिकट देकर साबित किया है कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो व्यापारियों का सम्मान करना जानती है। कहा कि जबतक हमारी जीत न हो जाये, तबतक चैन से नही बैठना है। कहा कि हमें यह ध्यान रखना है, विरोधियों की किसी भी साजिश के कारण न हमारा एक वोट घटे, न ही एक वोट बंटे।

### तीन छात्रों ने जिले में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन

**दुबहर । पिछले महीनों** जिला स्तर पर परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6से8 तक के बच्चों की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय अखार तीन छात्रों ने जिले में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर विद्यालय और शिक्षा क्षेत्र का नाम पूरे जनपद में रोशन किया है । ज्ञात हो कि परिषदीय विद्यालय के बच्चो को आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा का परिणाम बुधवार को जैसे ही जारी हुवा तो सूची में प्रथम स्थान पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय अखार के कक्षा आठ के छात्र आशीष वर्मा रहे । वहीं सूची में तीसरे स्थान पर इसी विद्यालय के कक्षा आठ के छात्र गंगासागर प्रसाद और 27 वे स्थान पर भी कक्षा आठ के छात्र आयुष पाल सफल रहे । संज्ञान हो कि इस परिक्षा के उत्तीर्ण छात्रों को चार साल तक इनके अध्ययन अध्यापन के लिए प्रत्येक माह एक हजार रूपए मिलेंगे । शुक्रवार के दिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय आखार पर इन तीनों छात्रों को प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने विद्यालय परिवार के तरफ से स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र और बुके आदि से सम्मानित किया । इन छात्रों के सफलता पर शिक्षा क्षेत्र दुबहर के खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार झा ने इन छात्रों को ढेर सारी शुभकामनाएं देने के बाद इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । वही अखार के ग्राम प्रधान जयकुमार सिंह ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय अखार के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार को इस सफलता पर बधाई दी है ।

### गहलोत के साथ मिलीभगत के दावों पर राजे ने कहा- 'क्या दूध और नींबू का रस कभी मिलता है'

**जयपुर। राजस्थान** की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मिलीभगत का दावा करने के लिए कांग्रेस नेता सचिन पायलट की आलोचना करते हुए कहा है कि दूध और नींबू का रस एक साथ नहीं मिलते हैं। राजे आश्चर्यचकित होते हुए बोली- कई लोग जानबूझकर कह रहे हैं कि 'हम (राजे और गहलोत) मिले हैं, और हमारे बीच मिलीभगत है'। जिसके साथ सिद्धांत और विचारधारा मेल नहीं खाती, उसके साथ यह कैसे संभव है? क्या दूध और नींबू का रस कभी मिलते हैं?

भाजपा नेता ने सूरतगढ़ में बिश्नोई समाज मंदिर के दर्शन के दौरान एक कार्यक्रम में यह बात कही।

# विदेश संदेश

## नेपाल में चुनाव के मद्देनजर बिहार से सटी सीमा 23 अप्रैल तक बंद रहेगी

**काठमांडू।** नेपाल के बारा जिले में भारत के बिहार से सटी सीमा को बंद कर दिया गया है। बारा जिले में 23 अप्रैल को होने वाले उपचुनाव के चलते आधी रात से सीमा बंद कर दी गई है। बारा जिला प्रशासन कार्यालय ने घोषणा की है कि भारतीय सीमा से जुड़ी बारा की सीमा गुरुवार को रात 12 बजे से 23 अप्रैल की रात 12 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगी। बारा जिला प्रशासन कार्यालय ने नोटिफिकेशन के माध्यम से सीमा बंद होने की जानकारी दी। नेपाल और भारत दोनों चुनावों के दौरान सीमा सील करते रहे हैं। ऐसा कदम इसलिए उठाया गया है, क्योंकि सीमा पार से आपराधिक और हिंसक गतिविधियां चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं।

## रूस की तरफ से भारत को होने वाली मिलिट्री सप्लाई अब खतरे में आ गई, चीन है वजह या अमेरिका का है हाथ

**मास्को।** भारत और रूस की दोस्ती वर्षों पुरानी है। लेकिन इन दिनों कूटनीति कहे या मौजूदा जरूरत रूस के कट्टर दुश्मन अमेरिका से भी भारत की नजदीकियां पहले के मुकाबले काफी बढ़ी है। इसकी वजह चीन की बढ़ती विस्तारवादी मंशा और उस पर नियंत्रण के लिए अमेरिकी मुखरता की दरकार है। लेकिन भारत की रक्षा क्षेत्र से जुड़ी



एक खबर सामने आई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट ने दावा किया है कि भारत और रूस एक समान पेमेंट सिस्टम को तलाशने के लिए इन दिनों संघर्ष कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों देश चाहते हैं कि पेमेंट सिस्टम ऐसा हो जो अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन न करे। पिछले एक साल से करीब दो अरब डॉलर की पेमेंट अटकी हुई है और अब ऐसे में रूस ने सप्लाई रोक दी है।

रूस की तरफ से रोकी गई सप्लाई में करीब 10 अरब डॉलर की कीमल वाले स्पेयर पार्ट्स के अलावा एस 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की दो बैटरीज भी शामिल है। भारत अभी तक अमेरिकी डॉलर्स में बिल का भुगतान करने में असमर्थ रहा है। उसे प्रतिबंधों की चिंता है जबकि रूस का कहना है कि वो रुपए में पेमेंट स्वीकार नहीं कर सकता है। हथियारों के लिए भुगतान का मुद्दा सुलझाना काफी जरूरी हो गया है। भारतीय सेनाएं इस समय 250 से ज्यादा सुखोई-30 एमकेआई हैं जो रूस में बने फाइटर जेट्स हैं। इसके अलावा सात किलो-श्रेणी की पनडुब्बियां और 1,200 से ज्यादा रूसी में बने T-90 टैंक ऑपरेट करती हैं।

## चीन के भारत के साथ वार्ता को गंभीरता से लेने के कुछ खास संकेत नजर नहीं आते : यूएस

**वाशिंगटन।** दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों के लिए अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत और चीन के बीच बातचीत के जरिए सीमा विवाद के समाधान का समर्थन करने की बात दोहराते हुए कहा कि अमेरिका को इस बात के बेहद कम संकेत दिखते हैं कि चीन इन वार्ताओं को सही मंशा और गंभीरता से ले रहा है। दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने दिए एक साक्षात्कार में कहा, '' चीन के साथ भारत के सीमा विवाद पर हमारा रुख पहले जैसा ही है। हम



दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत के जरिए सीमा विवाद के समाधान का समर्थन करते हैं।''लू ने कहा, '' इसके बावजूद हमें इस बात के बेहद कम संकेत मिले हैं कि चीन सरकार सही मंशा से इन वार्ताओं को गंभीरता से ले रही है। हम जो देखते हैं वह इसके विपरीत है। हम नियमित रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर होने वाली उकसावे की घटनाओं को देख रहे हैं।'' विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत चीन की चुनौती के मद्देजनर अमेरिका के अपने साथ खड़े होने की उम्मीद कर सकता है। उन्होंने कहा, '' हमने गलवान संकट के दौरान 2020 में उस संकल्प को दर्शाया और हम भारत के साथ सूचना साझा करने के अलावा सैन्य उपकरणों एवं अभ्यासों पर भी सहयोग के अवसर तलाशते रहे हैं।

# एस जयशंकर ने जमैका के विदेश मंत्री के साथ की बैठक, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद पर हुई चर्चा

**वाशिंगटगन।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुयाना की राजधानी में जमैका के विदेश मंत्री कामिनाज स्मिथ के साथ चौथी भारत-कैरिकॉम मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद से निपटने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

वहीं इससे पहसे एस जयशंकर ने सूरीनाम के अपने समकक्ष अल्बर्ट रामदीन से मुलाकात कर गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डोमिनिकन गणराज्य की अपनी नौ दिवसीय यात्रा शुरू की। उन्होंने ट्वीट किया कि जमैका के एफएम कामिनाज स्मिथ के साथ कैरिकॉम मुख्यालय में चौथी भारत-कैरिकॉम मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता की। हम सभी को आमंत्रित करने के लिए एफएम गुयाना ह्यूग टॉड को धन्यवाद।

**कृषि और खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और फार्मा, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुई चर्चा**

उन्होंने सूरीनाम, सेंट किट्स एंड नेविस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, बारबाडोस,




त्रिनिदाद और टोबैगो, डोमिनिका, ग्रेनाडा के कैरिबियाई देशों के अपने समकक्षों और बेलीज और बहामास के प्रतिनिधियों के दृष्टिकोण की सराहना की। जयशंकर ने ट्वीट कर बताया कि हमने व्यापार और अर्थव्यवस्था सहित हमारे व्यापक क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा की साथ ही कृषि और खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और फार्मा, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, आईसीटी और ई-गवर्नें, विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण, उच्च शिक्षा, संस्कृति पर भी चर्चा हुई।

जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और आपदा लचीलापन, आतंकवाद का मुकाबला, सुधारित बहुपक्षवाद और बहुपक्षीय मंचों पर निकट सहयोग के महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। इस साल संयुक्त आयोग की दूसरी बैठक आयोजित करने सहित अनुवर्ती कदमों पर सहमति बनी। इससे पहले जयशंकर ने कैरेबियाई समुदाय के महासचिव (कैरिकॉम) डॉ. कार्ला नताली बार्नेट से भी मुलाकात की और पारंपरिक के साथ-साथ सहयोग के नए क्षेत्रों में भारत-कैरिकॉम संबंधों को गहन करने पर चर्चा की। कैरिकॉम एक अंतर-सरकारी संगठन है जो पूरे अमेरिका और अटलांटिक महासागर में 15 सदस्य राज्यों (14 राष्ट्र-राज्य और एक निर्भरता) का एक राजनीतिक और आर्थिक संघ है।

## अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, गर्भपात की गोली मिफेप्रिस्टोन से हटाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली गर्भपात की गोली मिफेप्रिस्टोन पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें, पहले इस गोली पर निचली अदालतों ने रोक लगा दी थी।

**निचली अदालत ने लगाई थी रोक**

मिफेप्रिस्टोन से जुड़ी कानूनी लड़ाई उस समय शुरू हुई जब टेक्सास में एक संघीय न्यायाधीश ने इस दवा पर देशव्यापी बैन लगाने का आदेश दिया। कहा गया था कि दवा का इस्तेमाल जन्म लेने से पहले ही बच्चे की हत्या करने के लिए किया जा रहा है।

**एफडीए से मिल चुकी है मंजूरी**

मिफेप्रिस्टोन का इस्तेमाल आमतौर पर गर्भपात के लिए किया जाता है। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने मिफेप्रिस्टोन के गोलियों का सेवन करने को लेकर मान्यता दे रखी है। अमेरिका के टेक्सास और वाशिंगटन में




फेडरल जजों ने 7 मार्च 2023 को मिफेप्रिस्टोन दवा को बैन करने का फैसला सुनाया था। राष्ट्रपति जो बाइडेन के न्याय विभाग ने एक आपातकालीन अपील दायर की थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से निचली अदालत के इस फैसले को रोकने के लिए कहा गया था।

**बाइडेन प्रशासन ने दी थी याचिका**

सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली गर्भपात की गोली मिफेप्रिस्टोन को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की मंजूरी दी। न्याय विभाग और मिफेप्रिस्टोन निर्माता डैंको लेबोरेटरीज की अपील पर अदालत में सुनवाई लंबित होने तक सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसलों को प्रभावी ढंग से रोक दिया है। बाइडेन ने कहा कि निचली अदालत के फैसलों ने एफडीए के चिकित्सा निर्णय को कमजोर कर दिया है और महिलाओं के स्वास्थ्य को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से साफ होता है कि मिफेप्रिस्टोन दवा सुरक्षित है।

**50 लाख से अधिक ने किया उपयोग**

इस दवा को अमेरिका में साल 2000 में अनुमति मिली थी। अभी तक 50 लाख से अधिक लोगों ने इसका उपयोग किया है। अमेरिका में आधे से अधिक गर्भपात के मामलों में मिफेप्रिस्टोन का उपयोग किया जाता है।

**आगे की लड़ाई के लिए तैयार**

अदालत के कार्रवाई करने से पहले व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने कहा था कि पीठ की ओर से जो भी कार्रवाई होगी, प्रशासन उसके लिए तैयार है। अगर जरूरत पड़ी तो हम एक लंबी कानूनी लड़ाई के लिए भी तैयार हैं। यह हमारी प्रतिबद्धता है और देश भर की लाखों महिलाओं से हमारा वादा है।

## पुतिन ने सऊदी क्राउन प्रिंस से की फोन बात, ओपेक व तेल उत्पादन को लेकर हुई चर्चा



**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच फोन पर ओपेक व तेल उत्पादन को लेकर चर्चा हुई है। क्रेमलिन ने कॉल के रीडआउट में कहा कि दोनों ने वैश्विक तेल बाजार में स्थिरता लाने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग के स्तर पर संतोष व्यक्त किया।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्राउन प्रिंस और सऊदी अरब के प्रधान मंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल सौद के साथ फोन पर बात की। उन्होंने द्विपक्षीय एजेंडे पर कई प्रमुख विषयों पर चर्चा की है। रूस के विदेश मंत्रालय के अनुसार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ ओपेक सौदे पर तेल उत्पादन को लेकर चर्चा हुई है। क्रेमलिन ने कॉल के रीडआउट में कहा कि दोनों ने वैश्विक तेल बाजार में स्थिरता लाने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग के स्तर पर संतोष व्यक्त किया। क्रेमलिन ने कहा कि बातचीत दोस्ताना तरीके से आगे बढ़ी और ये रचनात्मक और सूचनात्मक थी। इसे ध्यान में रखते हुए, सहयोग के विशिष्ट क्षेत्रों में संपर्क बनाने पर सहमति हुई।

## बुरे बर्ताव के आरोपों से घिरे ब्रिटेन के उपप्रधानमंत्री डोमिनिक राब को देना पड़ा इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के उपप्रधानमंत्री डोमिनिक राब ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन पर बुरे बर्ताव करने और डराने-धमकाने के आरोप लग रहे थे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति को आर्थिक लाभ देने के मामले में घिरे सुनक अब उपप्रधानमंत्री डोमिनिक राब के इस्तीफे से मुश्किलों में घिर गए हैं। कंजर्वेटिव पार्टी के वरिष्ठ सांसद राब पर लोगों के साथ बुरा व्यवहार करने के आरोप लग रहे थे। उन पर न्याय मंत्रालय और व्हाइटहॉल के अन्य विभागों में डराने-धमकाने के आरोप भी लगे थे। इसे लेकर कई बार शिकायत की गई थी। डोमिनिक राब का इस्तीफा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के लिए बड़ा



झटका माना जा रहा है। उनपर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर उन्होंने राब को पद पर क्यों बना रहने दिया। इसे लेकर एक प्रमुख बैरिस्टर एडम टॉली केसी द्वारा जांच भी की जा चुकी है। वहीं, राब ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वह शिकायतों का सख्ती से मुकाबला करेंगे।

## हिन्दुस्तान संग दोस्ती एक एजेंडा, बिलावल के भारत दौरे पर भड़की इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भारत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेंगे। इस खबर के आने के साथ ही उनके ही देश में अब इसको लेकर वाकयुद्ध शुरू हो गया है। बिलावल भुट्टो जरदारी की भारत यात्रा को विपक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय साजिश करार दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में भुट्टो की बहुप्रतीक्षित यात्रा की आलोचना की और दावा किया कि सरकार अंतर्राष्ट्रीय एजेंडे के निर्देश पर काम कर रही है। उनके अनुसार, पड़ोसी देश के साथ अच्छे संबंध बनाना एक वैश्विक एजेंडा है और इसे वर्तमान सरकार पर थोपा गया है। फवाद चौधरी ने कहा कि



बिलावल भुट्टो की भारत यात्रा कश्मीरियों के संघर्ष की पीठ में छुरा घोंपने जैसी है। कश्मीर के मुद्दे को दफनाना और भारत के साथ संबंध बनाना उस अंतरराष्ट्रीय एजेंडे का हिस्सा है, जिसके तहत इस सरकार को पाकिस्तान पर थोपा गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इमरान खान की पार्टी का बयान इस तथ्य के बावजूद आया कि पीटीआई प्रमुख ने कहा था कि जब वह प्रधानमंत्री थे तब वह नई दिल्ली के साथ संबंध बनाना चाहते थे। भारत के गोवा में 4-5 मई, 2023 को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की विदेश मंत्री परिषद (सीएफएम) की बैठक आयोजित की जा रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलूच ने यहां साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। बलूच ने कहा, ÷बिलावल भुट्टो जरदारी भारत के गोवा में 4-5 मई, 2023 को होने वाली एससीओ विदेश मंत्री परिषद (सीएफएम) की बैठक में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

# अमेरिका की अपील- ताइवान पर दबाव बनाना बंद करे चीन, अजय बंगा को लेकर कही बड़ी बात

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बयान जारी कर अपील की है कि चीन को ताइवान पर सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाना बंद कर देना चाहिए। अमेरिका ने कहा कि चीन को ताइवान के साथ अर्थपूर्ण बातचीत करनी चाहिए। अमेरिका सरकार के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने मीडिया को संबोधित करते हुए 'बेशक, हम इस मुद्दे पर अपने सहयोगियों से भी बात करेंगे, जिनमें दक्षिण कोरिया भी एक है। साथ ही हम हिंद प्रशांत क्षेत्र के अपने सहयोगियों से भी इस बारे में चर्चा करेंगे। हम समृद्धि और सुरक्षा मूल्यों को साझा करने में विश्वास करते हैं, जिससे ताइवान में शांति और स्थायीत्व आ सके।' बता दें कि हाल ही में जापान में हुई जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी चीन से जिम्मेदाराना व्यवहार करने को कहा गया है, जिससे वैश्विक शांति बनी रहे। जी7 की बैठक के बाद साझा बयान में कहा गया कि 'ताइवान के मुद्दे पर जी7 देशों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।'

**'अजय बंगा, विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए एकदम सही व्यक्ति'**

अमेरिका सरकार के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अजय बंगा को लेकर वर्ल्ड बैंक का




अध्यक्ष बनाने के फैसले पर कहा कि वह निर्विवाद रूप से वर्ल्ड बैंक का नेतृत्व करने में सक्षम व्यक्ति हैं। पटेल ने कहा कि आज के चुनौतीपूर्ण समय में, अजय बंगा एक अपवाद हैं, उनके पास नेतृत्व क्षमता के साथ ही मैनेजमेंट का अनुभव भी है, साथ ही वह वित्तीय सेक्टर में भी अनुभव रखते हैं। अजय बंगा विश्व बैंक को उसके उद्देश्य जैसे गरीबी हटाने, समृद्धि फैलाने में मददगार साबित होंगे।

अमेरिकी सरकार के उप-प्रवक्ता ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है और हम जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे समय में अजय बंगा विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए सही उम्मीदवार हैं। बता दें कि बीती फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अजय बंगा को विश्व बैंक का अध्यक्ष नामित किया था। विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने की आखिरी तारीख 29 मार्च थी। अजय बंगा के अलावा किसी और उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया है, ऐसे में अजय बंगा का विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना तय है।

## पाकिस्तान में तेजी से बिगड़ रहे आर्थिक हालात, बड़ी संख्या में देश छोड़ने को तैयार हैं पाक नागरिक

**वर्जीनिया।** पाकिस्तान के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री आतिफ मियां ने कहा है कि आगामी आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति और आतंकी हमले बढ़ने के चलते बड़ी संख्या में पाकिस्तानी देश छोड़ने को तैयार हैं। पाकिस्तान में अहमदी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले आतिफ ने 5 वर्ष पूर्व अपनी नौकरी खोनी पड़ी। उन्होंने देश के हालात पर एक लेख वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) में लिखा है। बिगड़ते आर्थिक हालात पर निशाना साधते हुए अर्थशास्त्री आतिफ मियां ने लिखा, पाकिस्तान एक ऐसी जगह है जहां निवेशक जाने को तैयार नहीं हैं जबकि गूगल ट्रेंड्स पाकिस्तान को देखें तो सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले शब्दों में वीजा शब्द शामिल है। उनके अनुसार, भारत या बांग्लादेश में इतनी बड़ी संख्या में खोजें नहीं देखी जाती हैं। इससे पता चलता है कि बड़ी संख्या में पाकिस्तानी देश छोड़ने को तैयार हैं। आतिफ मियां के



मुताबिक राजनेता हों, नौकरशाह हों या सैन्य प्रतिष्ठान, आज सरकार लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कहा है कि भारत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) परिषद की बैठक में उनकी भागीदारी चार्टर के प्रति इस्लामाबाद की प्रतिबद्धता तो दर्शाती है। उन्होंने कहा, इसे द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ ने नहीं देखा जाना चाहिए।

**पाकिस्तान में भारतीय चैनलों को रोकने के लिए चेतावनी**

पाकिस्तान के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पेमरा) ने देश भर के स्थानीय केबल टीवी ऑपरेटरों को भारतीय चैनलों का प्रसारण बंद करने का आदेश दिया। उसने चेताया कि यदि वे आदेशों को नहीं माने तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पेमरा ने यह भी कहा कि अतीत में कई केबल ऑपरेटरों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया था। पाकिस्तान पहले भी कई बार भारतीय फिल्मों और टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगा चुका है।

# पीयूष गोयल ने कहा- जल्द ही रुपये में होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार

**नई दिल्ली/राजकोट।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई है कि कारोबारी जल्द ही रुपये में विदेशी व्यापार का निपटान कर सकेंगे। गोयल ने कहा कि विभिन्न देशों के कई बैंक भारतीय बैंकों के साथ विशेष वोस्ट्रो खाते खोल रहे हैं। पीयूष गोयल ने शनिवार को कपास मूल्य श्रृंखला की पहल की समीक्षा के लिए गुजरात के राजकोट में आयोजित कपड़ा सलाहकार समूह (टीएजी) के साथ छठी संवाद बैठक के बाद यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। गोयल ने कहा कि हम जल्द ही कई देशों के साथ रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार होते हुए देखेंगे। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने ब्रिटेन, सिंगापुर और न्यूजीलैंड सहित 18 देशों के संबंधित बैंकों के साथ विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) खोलने के 60 अनुरोधों को मंजूरी दी है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बैंक इस मुद्दे पर विभिन्न देशों में अपने समकक्षों के साथ चर्चा कर रहा है।गोयल ने आगे कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और कनाडा जैसे विकसित क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत ह्वउन्नतह्व चरणों में है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया भारत के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता करना चाहती है। उन्होंने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजना के दूसरे चरण के बारे में कहा कि बहुत जल्द योजना की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।